राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

अयोध्या
वर्ष: 37 अंक 62
शुक्रवार 12 जून, 2026

तापमान
अधिकतम 34°C | न्यूनतम 27°C

मूल्य 2 रुपए  पृष्ठ- 06  अयोध्या, लखनऊ, जौनपुर, पटना (बिहार) एवं ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मध्य प्रदेश) से प्रकाशित  www.tarunmitra.in

**अमृत वाणी**

शक्ति जीवन है तो निर्बलता मृत्यु हैं। विस्तार जीवन है और संकुचन मृत्यु हैं। प्रेम जीवन है तो द्वेष मृत्यु हैं।

## 14 उम्मीदवार निर्विरोध राज्यसभा चुनाव जीते

### भाजपा से 10, कांग्रेस से 4 चुने गए, मल्लिकार्जुन खड़गे और पवन खेड़ा शामिल



**नई दिल्ली, 11 जून।** 14 उम्मीदवार गुरुवार को निर्विरोध राज्यसभा चुनाव जीत गए। इनके सामने कोई और कैंडिडेट खड़ा नहीं था। इनमें 10 भाजपा और 4 कांग्रेस से हैं। चुनाव जीतने वालों में कर्नाटक से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और मीडिया व प्रचार प्रमुख पवन खेड़ा का नाम शामिल है।

वहीं, राजस्थान से भाजपा के सतीश पूनिया, अलका गुर्जर और कांग्रेस के नीरज डांगी निर्विरोध राज्यसभा के लिए चुने गए हैं। इसके अलावा गुजरात से भाजपा के सभी चार राज्यसभा उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया है।

वहीं, मध्य प्रदेश से भाजपा के रजनीश अग्रवाल, तरुण चुघ और महेश केवट की जीत हुई है। हालांकि, इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने के खिलाफ पार्टी की याचिका पर सुनवाई शुक्रवार तक के लिए टाल दी थी।

दरअसल, तीसरी सीट के लिए कांग्रेस ने मीनाक्षी नटराजन को उम्मीदवार बनाया था। कांग्रेस के पास संख्या बल भी था, लेकिन 9 जून को नटराजन का नामांकन फॉर्म निरस्त कर दिया गया था।

अंध्रप्रदेश की 4, झारखंड की 2 और मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल, मिजोरम, महाराष्ट्र, और तमिलनाडु की एक सीट पर 18 जून को वोटिंग होगी। यहां कांग्रेस को एक, भाजपा को 8, छ्रस्रू को दो और ्रढ्ढ्रष्ठरू्य को एक सीट पर जीत मिल सकती है।

244 सदस्यों वाली राज्यसभा में NDA के पास अभी 149 सांसद हैं, जबकि विपक्ष के पास 78 और गैर-गठबंधन वाले क्षेत्रीय दलों के पास 17 सांसद हैं।

महाराष्ट्र और तमिलनाडु में उपचुनाव, NDA की एक सीट कम होगी- महाराष्ट्र में NCP की सुनेत्रा पवार और तमिलनाडु में AIADMK के सीवी षणमुगम के इस्तीफे से खाली हुई सीटों पर उपचुनाव होंगे। महाराष्ट्र की सीट एनडीए के खाते में आ सकती है। वहीं तमिलनाडु की AIADMK की सीट सत्ताधारी पार्टी TVK को मिल सकती है। TVK को कांग्रेस क्र समर्थन है।

आंध्र प्रदेश में तीन सीटें YSRCP के पास हैं, एक TDP के पास है। अब NDA चारों सीटें जीत सकती है।

गुजरात में तीन BJP और एक कांग्रेस के पास है। चुनाव में भाजपा चारों सीटें जीती हैं।

झारखंड में दो सीटें हैं। एक सीटें भाजपा के पास है। एक खाली है। दोनों सीटें JMM-कांग्रेस गठबंधन को मिल सकती हैं। लेकिन BJP के पास 21 विधायक हैं। चार विपक्षी सदस्यों की क्रॉस वोटिंग अगर हो गई तो वह एक सीट जीत सकती है। मध्यप्रदेश में तीन सीटें हैं। भाजपा सभी सीटें जीत गई है।

राजस्थान में भी तीन सीटें हैं। जिसमें से दो भाजपा और एक कांग्रेस के पास है। यहां कोई बदलाव नहीं होगा।

कर्नाटक में अभी एनडीए के पास तीन, कांग्रेस के पास एक सीट हैं। चुनाव में कांग्रेस तीन सीटें जीत गई है। वहीं NDA एक सीट मिली है।

मणिपुर और अरुणाचल प्रदेश में एक-एक सीट खाली हो रही हैं। दोनों भाजपा के पास हैं, पार्टी फिर इन्हें हासिल कर सकती है। मिजोरम में अभी मिजो नेशनल फ्रंट के पास एक सीट है, जो जोरम पीपल्स मूवमेंट जीत सकती है। मेघालय में नेशनल पीपुल्स पार्टी अपनी सीट बचाने में कामयाब हो सकती है। यह एनडीए के साथ गठबंधन में है।

## मणिपुर में कुकी समुदाय के 2 लोगों की हत्या, 30 घर भी जलाए

**एक दिन पहले 6 नगा लोगों के शव मिले थे**



**इम्फाल, 11 जून।** मणिपुर में गुरुवार सुबह 4.55 बजे संदिग्ध उग्रवादियों के कुकी समुदाय के 2 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। 30 घरों में आग भी लगा दी गई। घटना कामजोंग जिले के कुलतूह कुकी गांव की है।एक दिन पहले कांगपोकपी जिले में नगा समुदाय के 6 लोगों के शव बरामद हुए थे। आशंका जताई गई है कि सभी शव उन 6 लोगों के हैं, जिन्हें 13 मई को लीलोन वैफेई गांव से अगवा किया गया था। पुलिस के मुताबिक दोनों की घटनाओं के बाद से इन इलाकों में तनाव का माहौल है। इलाके में सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है। मणिपुर के कांगपोकपी जिले के लीलोन वैफेई गांव से 13 मई को नगा समुदाय के 6 लोगों का अपहरण कर लिया गया था। करीब 29 दिन बाद, 9 जून को कराम वैफेई गांव से 6 शव मिले। माना जा रहा है कि ये शव उन्हीं छह लोगों के हैं, जिन्हें अगवा किया गया था।

पुलिस के अनुसार, सभी शव बुधवार रात करीब 2 बजे पोरोम्पाट स्थित अस्पताल लाए गए। शवों के पहुंचने की खबर मिलते ही वहां सैकड़ों लोग जुट गए। भीड़ के कारण तनाव बढ़ गया, जिसके बाद हालात नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े।

घटना की जांच के लिए NIA और अन्य सुरक्षा एजेंसियों की टीमें भी मौके पर पहुंच गई हैं। इस घटना के विरोध में कई जगह प्रदर्शन हुए। सेनापति जिले के करोंग इलाके में कुछ लोगों ने सामान से भरे ट्रकों में आग लगा दी। नगा पीपुल्स फ्रंट (NPF) के कार्यालय में तोड़फोड़ की गई। वहीं, तमेंगलोंग जिले के तामेई इलाके में भी लोगों ने हंगामा किया। 8 जून को कांगपोकपी जिले के पोंग्रिंगलॉन्ग रोंग्मेई नगा गांव में कुकी उग्रवादी संगठन ने गोलीबारी की। इस घटना के बाद लापता चुन्जांग्लुंग पान्मेई नाम के नगा विलेज गार्ड का शव जंगल से बरामद हुआ था। उसे सिर में गोली मारी गई थी। नगा समूहों ने आरोप लगाया कि केंद्र कुकी समूहों का इस्तेमाल शैडो वॉर (छाया युद्ध) के तौर पर कर रहा है। मणिपुर में जारी हिंसा-तनाव की वजह से बड़ी संख्या में लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं। आरटीआई से मांगी गई जानकारी में सामने आया है कि तीन साल में 731 विस्थापित अपनी जान गंवा चुके हैं। चूराचांदपुर में सबसे ज्यादा 248, बिष्णुपुर में 151 और कंग्पोक्पी में 128 मौतें दर्ज हुई हैं। जबकि राज्य के 9 जिलों में अभी भी 43,676 लोग विस्थापित हैं।

## अहमदाबाद प्लेन हादसे का एक साल पूरे

**प्लेन में बैठने से डरते हैं मरने वालों के परिवार, कुछ अब भी काउंसिलिंग करवा रहे**

**अहमदाबाद, 11 जून।** अहमदाबाद में एयर इंडिया की फ्लाइट AI-171 दुर्घटना को एक साल पूरा हो गया है, लेकिन हादसे की भयावह यादें आज भी लोगों के जेहन में ताजा हैं। 12 जून 2025 को लंदन जाने वाली AI-171 फ्लाइट मेघानीनगर में BJ मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल से टकराकर क्रैश हो गई, जिसमें विमान में सवार 241 लोगों और जमीन पर मौजूद 19 लोगों की मौत हो गई। सिर्फ एक यात्री जिंदा बचा था।

रिपोर्ट के अनुसार, हादसे के एक साल बाद भी BJ मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल परिसर में उस त्रासदी के निशान पूरी तरह मिट नहीं पाए हैं। जहां विमान का मलबा गिरा था, लोगों के शव मिले थे, वहां आज भी खून के धब्बे दिखाई देते हैं।

इधर हादसे में मरने वालों के परिवार आज भी सदमें में हैं। कुछ लोग अभी भी उड़ान भरने से डरते हैं, जबकि कुछ लोग इस गहरे सदमे से उबरने के लिए काउंसलिंग ले रहे हैं।

## पुलिस ने जहांगीर खान की हाफ पैंट में परेड कराई

### जांच के लिए फालता लेकर आई थी, दुर्गापुर में टीएमसी नेता पर अंडे फेंके, भीड़ ने घेरा

**कोलकाता, 11 जून।** बंगाल के फलता में गुरुवार को TMC नेता जहांगीर खान की पुलिस ने हाफ पैंट (निक्कर) में परेड कराई। जांच के सिलसिले में पुलिस उन्हें फलता लेकर गई थी। 8 जून को अवैध वसूली के आरोप में उन्हें नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार किया था।

वहीं, दुर्गापुर में एक और TMC नेता सुकुमार दत्ता को भ्रष्टाचार और जबरन वसूली समेत कई आरोपों में गिरफ्तार किया गया। जब पुलिस उन्हें थाने से अदालत ले जा रही थी, तब भीड़ ने उन पर अंडे फेंके।

TMC नेता पर जमीन कब्जाने, रंगदारी वसूलने और स्थानीय लोगों को डराने-धमकाने का भी आरोप है। थाने के बाहर प्रदर्शनकारियों ने दत्ता के खिलाफ नारेबाजी की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रदर्शन में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद थे।

घटना पर भाजपा नेता स्वाधीन राय ने कहा कि अंडा फेंकने का काम भाजपा ने तय करके नहीं किया था। यह तृणमूल नेता के खिलाफ आम जनता के गुस्से का नतीजा था। दत्ता लंबे समय से लोगों को डरा-धमका रहे थे।

उन्होंने आगे कहा कि स्थानीय लोग सालों से उत्पीड़न और शोषण झेल रहे थे, जिससे दत्ता के खिलाफ गुस्सा था। दत्ता



के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही टीएमसी के अन्य स्थानीय नेताओं की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। जहांगीर ने 2026 का विधानसभा चुनाव फालता सीट से लड़ा था। चुनाव के दौरान हुई गड़बड़ियों के कारण यहां 21 मई को दोबारा वोटिंग हुई थी। दोबारा चुनाव से 48 घंटे पहले ही जहांगीर ने मैदान छोड़ दिया था और कहा था कि वे चुनाव से अपना नाम वापस ले रहे हैं।

24 मई को आए नतीजे में जहांगीर की हार हुई। इसके बाद से जहांगीर लगभग गायब ही रहे। उन्हें न तो घर पर देखा गया और न ही पार्टी कार्यालय में।

जहांगीर खान ने चुनाव प्रचार के दौरान खुद को फिल्म 'पुष्पा' के किरदार की तरह पेश किया था। उन्होंने कई बार फिल्म का चर्चित डायलॉग 'पुष्पा झुकेगा नहीं साला' भी बोला था। उन्होंने खुद को इलाके के ऐसे मजबूत नेता के रूप में पेश किया, जो किसी दबाव के सामने नहीं झुकेगा।

मई 2026 में जहांगीर ने कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अपने खिलाफ दर्ज मामलों की जानकारी और गिरफ्तारी से संरक्षण मांगा था। उनका आरोप था कि उनके खिलाफ लगातार कई आपराधिक मामले दर्ज किए जा रहे हैं।

जहांगीर के खिलाफ 2019 में दर्ज एक मामले में और फालता री-पोल से पहले हाईकोर्ट ने सिक्योरिटी दी थी, लेकिन 26 मई को सभी सुरक्षा वापस ले ली गई थीं।

## पुणे में कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन जारी

### शिक्षामंत्री के इस्तीफे की मांग, सीजेपी घोषणापत्र जारी करेगी




**पुणे,11 जून।** कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर पुणे में प्रदर्शन कर रही है। सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी (SPPU) कैंपस में सैकड़ों छात्र और समर्थक पोस्टर-बैनर लेकर जुटे हैं। प्रदर्शन में CJP फाउंडर अभिजीत दीपके और जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी पहुंचे हैं। पार्टी थोड़ी देर में शिक्षा घोषणापत्र जारी करेगी। इसमें पेपर लीक रोकने, समय पर रिजल्ट घोषित करने, भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं में पारदर्शिता बढ़ाने और परीक्षा एजेंसियों की जवाबदेही तय करने जैसे मुद्दे होंगे।

इससे पहले, पुणे में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दीपके ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी वायरल तस्वीर को AI जनरेटेड बताया। उन्होंने कहा, मैं प्रधानमंत्री से कैसे मिल सकता हूं? मैं अमेरिका में सिर्फ एक स्टूडेंट था। सभी जानते हैं कि प्रधानमंत्री से मिलने की प्रक्रिया कितनी सख्त होती है।

दीपके का यह बयान शिवसेना (UBT) नेता संजय राउत के उस दावे के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि दीपके भारत आने से पहले अमेरिका में प्रधानमंत्री मोदी से मिले थे। राउत ने दावा किया था कि उन्हें दोनों की एक तस्वीर भेजी गई है। प्रदर्शन में कई युवा हाथों में संविधान की प्रतियां लेकर पहुंचे। अभिजीत दीपके ने 6 जून को दिल्ली में समर्थकों से संविधान साथ लाने की अपील की थी।एक युवक मराठी में लिखा पोस्टर लेकर पहुंचा। इसका हिंदी मतलब है- देश में नरेंद्र, राज्य में देवेंद्र और पेपर लीक कराने में धर्मेंद्र।एक युवक मराठी में लिखा पोस्टर लेकर पहुंचा। इसका हिंदी मतलब है- देश में नरेंद्र, राज्य में देवेंद्र और पेपर लीक कराने में धर्मेंद्र।

दीपके ने प्रदर्शन से पहले वांगचुक के साथ X पर वीडियो शेयर किया और लिखा- पुणे के लोगों, क्या आप प्रदर्शन के लिए तैयार हैं?

CJP के प्रदर्शन को लेकर पुणे पुलिस ने सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी (SPPU) में सुरक्षा बढ़ा दी है। प्रदर्शन की निगरानी के लिए कैंपस और आसपास के इलाकों में 21 CCTV कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही वीडियोग्राफी टीमें भी तैनात की गई हैं।

पुलिस ने अलग-अलग थानों से अतिरिक्त बल और ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की है। आयोजकों का दावा है कि प्रदर्शन में 3 से 4 हजार छात्र और प्रतियोगी परीक्षा अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने और प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

## बुलडोजर पर सिगरेट पीते हुए बारात ले गया दूल्हा

### आगे बैंड-बाजा पीछे डांस करता रहा, मुरादाबाद पुलिस ने चालान काटा



**मुरादाबाद, 11 जून।** मुरादाबाद में दूल्हा बुलडोजर से बारात लेकर रवाना हुआ। बुलडोजर बारातियों को कभी 10 फीट ऊपर उठाता तो कभी नीचे सड़क तक ले आता। इस दौरान दूल्हा सिगरेट पीकर छल्ले उड़ाता रहा। डांस करता रहा। अपने साथ बैठे बच्चों को डांस करने का इशारा करता रहा।

बुलडोजर से ससुराल जाने का वीडियो दूल्हे के एक दोस्त ने रिकॉर्ड कर इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया। देखते ही देखते वीडियो वायरल हो गया। वीडियो में बुलडोजर पर दूल्हे के साथ 15 बाराती बैठे दिख रहे हैं। दूल्हा सिगरेट पीकर हवा में धुआं उड़ा रहा है।

पुलिस ने वीडियो की जांच की तो पता चला कि बारात दो दिन पहले यानी 8 जून को कांठ के उमरी कलां गांव से बिजनौर के सहसपुर गांव गई थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बुधवार यानी 10 जून को बुलडोजर का चालान कर दिया है। मामला कांठ थाना क्षेत्र का है।

कांठ थाना क्षेत्र के उमरी कलां निवासी उस्मान का निकाह बिजनौर के सहसपुर गांव की एक युवती से तय हुई थी। 8 जून को निकाह था। सोमवार दोपहर दूल्हा अपने घर से बरातियों के साथ घुड़चढ़ी की रस्म पूरी करने के बाद बुलडोजर पर सवार हुआ। इस दौरान उसके साथ करीब 15 बराती भी बुलडोजर पर चढ़ गए। आगे-आगे भांगड़ा बजता रहा और पीछे-पीछे बुलडोजर चलता रहा। दूल्हा बुलडोजर पर बैठकर डांस करता नजर आया। उसके साथ बैठे युवक फिल्मी गानों पर डांस करते दिखाई दिए।

वीडियो में देखा जा सकता है कि बुलडोजर को फूलों से सजाया गया है। उसके आगे के हिस्से पर सफेद रंग की शेरवानी पहने दूल्हा बैठा है। उसके गले में नोटों की मालाएं पड़ी हुई हैं। दूल्हे के साथ करीब 10 से 15 लोग भी बुलडोजर पर सवार हैं। इनमें कुछ बच्चे भी हैं।

दूल्हा सिगरेट पीते हुए उसके छल्ले उड़ा रहा है। उसके साथ बैठे युवक फिल्मी गानों पर डांस कर रहे हैं। आगे-आगे भांगड़ा बज रहा है, पीछे-पीछे बुलडोजर चल रहा है। कुछ लोग वीडियो भी बना रहे हैं। बैकग्राउंड में गाना बज रहा है- मैं इधर किसी के फट्टे में टांग नहीं अड़ाने आया...।

एसपी देहात कुंवर आकाशसिंह ने बताया- बुलडोजर से शादी में जाने का वीडियो 8 जून की है। इस मामले में कार्रवाई करते हुए बुलडोजर का चालान किया गया है। बुलडोजर को तलाश का सीज करने की कार्रवाई की जाएगी।

## सगे भाइयों, चाचा-भतीजे समेत 5 की मौत, घायल की मदद करने पहुंचे लोगों को एसयूपी ने मारी टक्कर

**गोंडा, 11 जून।**यूपी के गोंडा में बुधवार देर रात सड़क हादसे में घायल युवकों की मदद कर रहे लोगों को तेज रफ्तार एसयूवी ने रौंद दिया। हादसे में दो सगे भाइयों, चाचा-भतीजे समेत 5 लोगों की मौत हो गई। चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसा उस वक्त हुआ, जब डंपर की टक्कर से घायल एक युवक को उठाकर एंबुलेंस तक ले जाने के लिए कुछ लोग सड़क पार कर रहे थे। तभी करीब 100 की रफ्तार में एक्सयूवी ने सभी को रौंद दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि लोग हवा में उछलकर 10-12 फीट दूर जा गिरे। उनके सिर फट गए। हड्डियां टूट गईं। दो लोग कई मीटर तक घिसटते चले गए।

चीख-पुकार सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। एक्सयूवी चालक और उसमें सवार लोगों को पकड़ लिया। जमकर धुनाई कर दी। बाद में पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने घायलों को ष्ट॥ष्ट परसपुर पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर उन्हें गोंडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

मेडिकल कॉलेज में डाक्टर्स ने 3 लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल बच्चे को लखनऊ रेफर किया गया, लेकिन बीच रास्ते में उसने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने एक्सयूवी में सवार लोगों को हिरासत में ले लिया है। एक्सयूवी लखनऊ की बताई जा रही है।मृतकों की पहचान गुलशन (25), संजय तिवारी (33), दो सगे भाई हसन मोहम्मद (40) और इम्तियाज (27), अंशुमान (10) के रूप में हुई है। गुलशन-अंशुमान चाचा-भतीजे थे। घटना गोंडा-लखनऊ हाईवे पर जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर दूर करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र में नारायणपुर मोड़ के पास रात करीब 10 बजे हुई। तरहटा गांव निवासी संजय तिवारी करनैलगंज तहसील में मुंशी का काम करते थे। मंगलवार रात वह काम खत्म कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक डंपर ने टक्कर मार दी। संजय बाइक समेत सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरे। घायल अवस्था में मदद के लिए आवाज लगाने लगे।

तभी करुआ गांव निवासी विनय उर्फ सनी सिंह (26) मजदूर लेने जा रहे थे। उन्होंने संजय की आवाज सुनकर अपनी मोटरसाइकिल रोकी और गड्ढे में उतरकर उन्हें बाहर निकालने लगे। कुछ ही देर बाद मालियन पुरवा नारायणपुर माझा निवासी हसन मोहम्मद (40) अपने बेटे तबरेज (20), परवेज (18) और भाई इम्तियाज अली (27) के साथ मौके पर पहुंचे।सूर्यवंशम पुरवा नारायणपुर माझा निवासी गुलशन (25) अपने भतीजे अंशुमान (10) और पड़ोसी अल्ताफ (32) के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। सभी लोग घायल संजय को सड़क के एक किनारे से उठाकर दूसरी तरफ ले जा रहे थे, ताकि एंबुलेंस बुलाकर उन्हें अस्पताल पहुंचाया जा सके।

इस दौरान करनैलगंज की ओर से लखनऊ जा रही एक दिल्ली नंबर की स्ङ्क नारायणपुर मोड़ स्थित संतोष ढाबा के पास बेकाबू हो गई। कार को आबिद नाम का ड्राइवर चला रहा था। कार मालिक कस्बा करनैलगंज निवासी शोएब भी साथ था।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, वाहन की रफ्तार काफी तेज थी। वाहन ने घायल को बचाने में जुटे लोगों को कुचल दिया और डिवाइडर पार करते हुए दूसरी लेन में पहुंच गई। हादसे में संजय तिवारी, हसन मोहम्मद, इम्तियाज अली, गुलशन, अंशुमान, विनय सिंह उर्फ सनी, तबरेज, परवेज और अल्ताफ गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने आबिद और शोएब को पकड़ लिया। उसके साथ मारपीट की। बाद में करनैलगंज कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शोएब और आबिद को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।घटना के बाद सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने हसन मोहम्मद (40), इम्तियाज अली (27), गुलशन (25) और संजय तिवारी (33) को मृत घोषित कर दिया। अंशुमान (10) और अल्ताफ (32) की हालत गंभीर होने पर उन्हें गोंडा मेडिकल कॉलेज भेजा गया। वहां से दोनों को लखनऊ रेफर कर दिया गया।लखनऊ ले जाते समय रास्ते में अंशुमान की मौत हो गई, जबकि अल्ताफ का इलाज ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। वहीं, घायल तबरेज (20), परवेज (18) और विनय सिंह उर्फ सनी (26) का प्राथमिक उपचार के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डिस्चार्ज कर दिया गया।

घर के बाहर घर जैसा आराम
होटल वैशाली
मेन मार्केट चौक, प्रभात टाकीज गली, फैजाबाद
(बस स्टेशन-रेलवे स्टेशन से 2-50 कि.मी.)
एस. बी. आई. अपोलो म्यूनिक हेल्थ इंश्योरेंस के लिए संपर्क करें।
मो.- 9919404087





कंचन चौरसिया
महिला जिलाध्यक्ष उद्योग व्यापार मण्डल व चौरसिया समाज
रमेश कुमार चौरसिया
जिलाध्यक्ष चौरसिया समाज
महामंत्री उद्योग व्यापार मण्डल, फैजाबाद
नोट- पीलिया, बवासीर, गोखरू, कुत्ता काटने इत्यादि की दवा के लिए संपर्क करें।
काकू भाई  मो. 9235152444

निदान चिकित्सा केन्द्र
कालेज रोड, खिड़की अलीबेग (फैजाबाद) अयोध्या, मो0- 8577956003
डा. गुंजन यादव
( M.B.B.S.,D.G.O. )
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डा. रोहित यादव
( M.B.B.S., M.D. )
बालरोग विशेषज्ञ, पीजीआई चण्डीगढ़

डा. राधेश्याम यादव
( M.B.B.S., D.T.C.D. ), पूर्व रेजीडेन्ट आफिसर मेडिसिन एवं नेफ्रोलोजी बत्रा अस्पताल नई दिल्ली
पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी ( C.M.O ) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व जिला क्षय रोग अधिकारी ( D.T.O. ) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व संयुक्त निदेशक ( J.D. ) आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ ( रजि. नं.- 29775 )
प्रबंधक:- हरगोविन्द यादव

# प्रेस वार्ता के दौरान सपा ने उत्तर प्रदेश सरकार पर लगाया भ्रष्टाचार और घोटाले का आरोप




बहराइच। भ्रष्टाचार,नीट परीक्षा पेपर लीक,अनुसूचित जाति/जनजाति की नौकरियां को छीने जाने आदि बातों को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर एआरटीओ कार्यालय रोड स्थित सपापार्टी कार्यालय में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।वार्ता में सपा के जिला अध्यक्ष राम हर्ष यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष के कार्यकाल में जनता त्रस्त हो चुकी है चारों तरफ भ्रष्टाचार और घोटालों का बोलबाला है।और तो और अपनी नाकामी को छुपाने के लिए चौथे स्तंभ के मुंह को सिलने का काम भी किया जा रहा है।बावजूद चौथे स्तंभ के प्रहरी समय-समय पर अपना कार्य करते रहे हैं। यादव ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किए गए घोटालों को लेकर बताया कि पीडीए वर्ग के युवाओं,आपके बेटे,बेटियों और बहुओं से उत्तर प्रदेश सरकार संविधान प्रदत्त आरक्षण का अधिकार छीन कर धीरे-धीरे कमजोर कर रही है।पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी माना है कि आरक्षण का सही पालन नहीं हुआ।जिस बात को 2022 चुनाव से पूर्व उत्तर प्रदेश सरकार ने स्वयं भी स्वीकार किया था।

जिला अध्यक्ष द्वारा यूपी भर्ती में पीडीए आरक्षण घोटाला पर उत्तर प्रदेश सरकार पर प्रहार करते हुए बताया कि सन 2019 में 69,000 शिक्षक भर्ती घोटाला 2019 में वन्य और वन्य जीव रक्षक भर्ती घोटाला 2021-22 में एडेड जूनियर हाई स्कूल मास्टर/हेड मास्टर भर्ती घोटाला,2023 ग्राम पंचायत अधिकारी भर्ती घोटाला,नेत्र परीक्षण अधिकारी भर्ती घोटाला, प्रवर्तन कांस्टेबल भर्ती घोटाला, लखीमपुर कोऑपरेटिव भर्ती घोटाला, यूपीएसएसएससी आशु लिपिक भर्ती घोटाला,2025 में लेखपाल भर्ती घोटाला,चिकित्सा अधिकारी आयुर्वेद भर्ती घोटाला,2026 में यूपीएसएसएससी लिपिक सह टंकक घोटाले सहित अन्य कई घोटालों को विस्तार से पत्रकारों के सम्मुख साझा करते हुए अपनी बातों को जन-जन तक पहुंचाने का आग्रह किया।इस दौरान मटेरा विधायिका मारिया शाह भी उत्तर प्रदेश सरकार पर लगाए जा रहे आरोपों से संतुष्ट दिखीं।एक सवाल के जवाब में उन्होंने विधानसभा मटेरा की आवाम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वहां पर भाजपा की कोई भी चाल कामयाब नहीं होगी। आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पार्टी के रमेश गौतम,जफरुल्ला खां बंटी सुरेश्वर यादव,सोशल मीडिया प्रभारी अर्जुन गुप्ता व अनिल सिंह सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# रिज़र्व पुलिस लाइन सभागार में एएचटी/एसजेपीयू की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक का हुआ आयोजन



बहराइच। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में एसजेपीयू व थाना एएचटी की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक क्षेत्राधिकारी आंकिक/एएचटी/एसजेपीयू एहतराम हुसैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि शासन की मंशा अनुरूप भारत को बाल श्रम से मुक्त करने हेतु समय सीमा निर्धारित की गयी है जिसके अनुपालन के क्रम में बाल श्रम पर प्रभावी रोकथाम हेतु कल एक विशेष बैठक का आयोजन कर कार्यवृत्ति पर चर्चा की गयी साथ ही बैठक में महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जारी एसओपी में दिये गये दिशा निर्देशों के अनुपालन हेतु थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के समक्ष आ रही समस्या एवं सुझाव, पीड़ितों के आवासन, बाल गुमशुदा, बाल श्रम, नशा मुक्ति अभियान, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम व मानव तस्करी के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त गुमशुदा/अपहृत में दर्ज अभियोगों के सबंध में विवेचकों से वार्ता प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शीघ्र बरामदगी के सम्बन्ध में आदेश निर्देश दिये गये, साथ ही समस्त बाल कल्याण अधिकारी को जे0जे0 एक्ट 2015 की धारा 74 व धारा 75 की विस्तृत जानकारी दी गयी । साथ ही बाल श्रम के प्रकरणों में अपेक्षित कार्यवाही करने हेतु विस्तृत चर्चा की गयी।नाबालिग बच्चों से किसी कार्यस्थल पर वर्जित कार्य न कराये जाने के विषय में बताया गया तथा बच्चों को शासन द्वारा मिलने वाली सहायता हेतु विभिन्न योजनाओं से भी अवगत कराया गया।नाबालिग/पीड़ित बच्चों को सीडब्लूसी के समक्ष पेश किया जाना, बच्चों की बालिग/नाबालिग उम्र का निर्धारण करने आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गयी तथा विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्य योजना बनाते हुए क्षेत्रीय सम्भ्रान्त व्यक्तियों - क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, ग्राम प्रधान आदि के साथ चौपाल का आयोजन कर बाल विवाह तथा बाल श्रम जैसे संवेदनशील मामलों में जागरुकता अभियान चलाकर सभी को बाल विवाह/ बाल श्रम की रोकथाम हेतु जागरुक करते हुए प्रेरित करने हेतु निर्देशित किया गया।इसके अतिरिक्त जिला प्रोबेशन संरक्षण अधिकारी द्वारा शासन द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई।

बैठक में जिला महिला चिकित्सालय से डॉ. अमर सिहं, एएचटी/एसजेपीयू शैलेन्द्र कुमार मय टीम, एसएसबी 42वीं बटालियन से उप निरीक्षक पवनप्रीत कौर, सीडब्ल्यूसी से सदस्य दीपमाला प्रधान, प्रभारी आर0पी0एफ0,जी0आर0पी0,एण्टी रोमियो टीम तथा डीसीपीओ, चाइल्ड हेल्प लाइन, एन0जी0ओ0, समाज कल्याण के अधिकारी/कर्मचारी एवं सभी थानों के बाल कल्याण अधिकारी मौजूद रहे।

# जर्जर सड़क और जलभराव की समस्या को लेकर आईजीआरएस पर दर्ज कराई शिकायत



बहराइच। विकास खण्ड जरवल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद स्थित सरकारी अस्पताल के सामने की जर्जर सड़क एवं जलभराव की समस्या को लेकर भारतीय किसान क्रान्ति यूनियन के जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार वर्मा ने आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया है कि अस्पताल के सामने की पक्की सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। हल्की बारिश होने पर सड़क पर पानी भर जाता है, जिससे मरीजों व राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अस्पताल आने-जाने वाले लोगों को कीचड़ और जलभराव के बीच आवागमन करना पड़ रहा है।श्री वर्मा ने दर्ज शिकायत के माध्यम से प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए सड़क की तत्काल मरम्मत तथा जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। जनहित को देखते हुए उन्होंने आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत दर्ज कर शीघ्र समाधान की मांग की है।

# नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड पीरबटावन स्थित गरीब अस्पताल के पुनः संचालन की उम्मीद जगी



बाराबंकी। नगर पालिका नवाबगंज क्षेत्र के वार्ड पीरबटावन स्थित गरीब अस्पताल, बाराबंकी को पुन: संचालित कराने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला अध्यक्ष फैसल मलिक के नेतृत्व में चलाए जा रहे जनआंदोलन का सकारात्मक असर दिखाई देने लगा है। जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपे जाने के बाद आज मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (CMS) के निर्देश पर डॉक्टरों एवं अधिकारियों की टीम ने अस्पताल परिसर पहुंचकर निरीक्षण एवं जांच की। निरीक्षण के दौरान अस्पताल भवन, उपलब्ध संसाधनों तथा आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अधिकारियों द्वारा अस्पताल को जल्द से जल्द संचालित करने की दिशा में कार्रवाई तेज किए जाने का आश्वासन दिया गया। इससे क्षेत्र के गरीब, मजदूर, किसान एवं जरूरतमंद परिवारों में खुशी की लहर दौड़ गई है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा लगातार जनहित के मुद्दे प्रमुखता से उठाए जा रहे हैं। संगठन के प्रयासों के परिणामस्वरूप संबंधित समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया भी तेज हो गई है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि गरीब अस्पताल के पुन: शुरू होने से हजारों जरूरतमंदगों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी और उन्हें इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष फैसल मलिक, प्रदेश सचिव एवं जिला संरक्षक उत्तम सिंह वर्मा, रफीक सलमानी, मुशीर अंसारी सहित भारतीय किसान यूनियन टिकैत के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने कहा कि संगठन गरीबों, किसानों और जरूरतमंद लोगों के हितों के लिए लगातार संघर्ष करता रहेगा। क्षेत्र की जनता ने प्रशासन से मांग की है कि नगर पालिका नवाबगंज क्षेत्र के वार्ड पीरबटावन स्थित गरीब अस्पताल को शीघ्र संचालित कर जनता को राहत प्रदान की जाए।

# पयागपुर में आयोजित हुआ खेत बचाओ किसान संवाद कार्यक्रम




बहराइच । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर 5 से 21 जून, 2026 तक केन्द्र एवं राज्य सरकार की नीतियों, संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की उपलब्धियों तथा जनसामान्य के जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन को प्रदर्शित करने हेतु संचालित समेकित अभियान के तहत विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी की अध्यक्षता में विकास खण्ड पयागपुर अन्तर्गत बहलीमपुर लालपुर स्थित दुर्गा माता मंदिर परिसर में जीवामृत, बीजामृत, प्राकृतिक खाद एवं जैविक कीटनाशक तैयार करने की प्रक्रिया के साथ-साथ गौ-आधारित प्राकृतिक खेती एवं जल संरक्षण तथा ''कम लागत, अधिक आय'' विषय पर आधारित खेत बचाओ किसान-संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम के दौरान कृषि वैज्ञानिक डॉ. नन्दन सिंह, डॉ. अरुण कुमार राजभर, कुलदीप व एडीओ कृषि पयागपुर चन्द्राशु मोहन निगम द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड सहित कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या कृषक तथा ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# 30 सितम्बर तक प्रजननशील मछलियों को मारना, पकड़ना और बेचना दण्डनीय:डीएम

बहराइच । जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा जारी निर्देश के अनुसार कोई भी व्यक्ति 01 जुलाई से 31 अगस्त तक न तो प्रजननशील मछलियों को न तो पकड़ेगा, न ही मारेगा और न ही बेचेगा, जब तक कि उसके पास मत्स्य विभाग द्वारा निर्गत वैध लाइसेंस न हो। इसके साथ 15 जुलाई से 30 सितम्बर 2026 है तक मत्स्य जीरा अथवा अंगुलिका (2 से 10 इंच) आकार की मछली न तो पकड़ी जायेगी और नही बेची जायेगी। उल्लेखनीय है कि वर्षा ऋतु में भारतीय मेजर कार्प मछलियां कतला, रोहू, नैना एवं कारौच तथा विदेशी कार्प ग्रासकार्प, सिल्वर कार्प व कामन कार्प प्रजनन काल को देखते हुए इन मछलियों के सम्वर्धन एवं संरक्षण हेतु उ.प्र. मत्स्य अधिनियम 1948 एवं उ.प्र. मत्स्य विकास एवं नियंत्रण नियमावली 1954 के प्राविधानों को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। जिलाधिकारी त्रिपाठी द्वारा जारी आदेश उन सभी जलाशयों, नदियों की समस्त जल धाराओं पर प्रभावी होगा जो जनपद बहराइच की सीमा में है, और जिला मजिस्ट्रेट बहराइच द्वारा यथाविध व्यक्तिगत अथवा धार्मिक नहीं घोषित किए गये है। मछलियों के सम्वर्धन एवं संरक्षण हेतु कोई भी व्यक्ति विस्फोटक पदार्थ अथवा कृषि रक्षा एवं व्यापारिक कार्य में प्रयुक्त होने वाले विषैले रसायन से मछली नहीं मारेगा और न ही मारने का प्रयास करेगा और न ही निर्देशित क्षेत्र के प्राकृतिक बहाव को रोकने हेतु कोई अवरोध नही लगायेगा, और न ही ऐसा करके मत्स्य जीरा अंगुलिका और मछली पकडेगा अथवा नष्ट करेंगा और न ही पकड़ने अथवा नष्ट करने का प्रयास करेगा। आदेशों के उल्लंघन में लगाये गये अवरोधक सामग्रियों, पकड़े गये मत्स्य जीरा एवं मछली ज़ब्त कर ली जायेगी तथा यह कृत्य दण्डनीय होगा। डीएम ने बताया कि उपरोक्त आदेशों को कार्यान्वित करने हेतु पुलिस, राजस्व एवं मत्स्य विभाग उत्तरदायी होंगे।

# सोशल मीडिया पर दबंगई करने वाला आरोपी गिरफ्तार

आजमगढ़। आजमगढ़ में सोशल मीडिया पर एक्टिव गैंग को ट्रैक करना शुरू कर दिया गया है। 76 गैंग चिन्हित किए गए हैं। 6 अभियोगों में 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अन्य चिन्हित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। एसएसपी डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया- ऑपरेशन बज्रपात के तहत सोशल मीडिया पर गैंग बनाकर हथियारों का प्रदर्शन करने, आपराधिक छवि का प्रचार-प्रसार करने, युवाओं को गुमराह करने वाले सक्रिय गैंगों एवं उनके सदस्यों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। एसएसपी ने बताया- कुछ युवक अवैध असलहों के साथ रील बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर रहे थे। 9959 गैंग के नाम से अपना वर्चस्व स्थापित करने का प्रयास कर रहे थे। उक्त गतिविधियों से क्षेत्र में भय एवं आक्रोश का वातावरण उत्पन्न हो रहा था।

# इंसानियत निभाने दौड़े थे ,मौत ने सबको कुचल दिया,हादसे में 5 जिंदगियां बुझीं








**रजनी कान्त तिवारी ( तरुणमित्र संवाद )**

कर्नलगंज / गोण्डा । कभी-कभी इंसानियत निभाने की कीमत इतनी भयावह होती है कि पूरा इलाका सदमे में डूब जाता है। बुधवार रात कर्नलगंज क्षेत्र के गोंडा-लखनऊ हाईवे पर भलियनपुरवा नारायणपुर मोड़ के पास ऐसा ही दिल दहला देने वाला हादसा हुआ, जिसने पांच परिवारों की खुशियां हमेशा के लिए छीन लीं । रात करीब नौ बजे दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई । दुर्घटना की आवाज सुनकर आसपास के लोग मानवता का फर्ज निभाने के लिए दौड़ पड़े । घायल सड़क पर तड़प रहे थे और लोग उन्हें बचाने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि कुछ ही क्षण बाद मौत तेज रफ्तार बनकर उनकी ओर बढ़ रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार , पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार एसयूवी अनियंत्रित हो गई और सीधे घायलों की मदद कर रही भीड़ में जा घुसी । टक्कर इतनी भीषण थी कि कई लोग कई फीट दूर जाकर गिरे । चीख-पुकार और अफरा-तफरी के बीच सड़क मानो मौत का मंजर बन गई । ग्रामीणों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्नलगंज पहुंचाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने चार लोगों को मृत घोषित कर दिया । वहीं गंभीर रूप से घायल 10 वर्षीय अंशुमान को लखनऊ रेफर किया गया, परंतु रास्ते में ही उसकी सांसें भी थम गईं। इस तरह हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई । हादसे में जान गंवाने वालों में सूर्यवंशम पुरवा निवासी 25 वर्षीय गुलशन, 10 वर्षीय अंशुमान, तरहटा निवासी 37 वर्षीय संजय कुमार तिवारी तथा भलियनपुरवा नारायणपुर मांझा निवासी 40 वर्षीय हसन मोहम्मद और 27 वर्षीय इम्तियाज अली शामिल हैं । वहीं चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिनमें दो की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है । सबसे दर्दनाक दृश्य सूर्यवंशम पुरवा गांव में देखने को मिला, जहां एक ही परिवार के तीन चिराग एक साथ बुझ गए। पूरे गांव में सन्नाटा पसरा रहा , कई घरों में चूल्हे तक नहीं जले। मातम में डूबे परिजनों की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे । हादसे की सूचना मिलते ही कर्नलगंज पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना में शामिल दिल्ली नंबर की एसयूवी को कब्जे में ले लिया ।

वाहन मालिक शोएब और चालक आबिद को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया हादसे का कारण तेज रफ्तार और चालक की लापरवाही माना जा रहा है । घटना की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक अजय सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक तथा सहायक पुलिस अधीक्षक भी अस्पताल पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया । गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद जब पांचों शव गांव पहुंचे तो हर आंख नम हो गई। अंतिम संस्कार तक भारी पुलिस बल गांव में तैनात रहा । ग्रामीणों ने मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा, सरकारी सहायता और घायलों के बेहतर उपचार की मांग की है । यह हादसा सिर्फ एक सड़क दुर्घटना नहीं, बल्कि इंसानियत की कीमत चुकाने वाले उन लोगों की दर्दनाक कहानी बन गया, जो किसी की जान बचाने दौड़े थे, लेकिन खुद मौत के आगोश में समा गए ।

घायलों की मदद कर रहे लोगों पर चढ़ गई तेज रफ्तार एसयूवी , एक ही परिवार के तीन लोगों समेत पांच की मौत , चार जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे हैं ।

दिल को झकझोर देने वाला सच जो लोग सड़क पर तड़प रहे घायलों को बचाने दौड़े थे , उन्हें क्या पता था कि कुछ ही पल बाद मौत तेज रफ्तार बनकर उनकी ओर आ रही है ।

सूर्यवंशम पुरवा गांव में एक ही परिवार के तीन चिराग बुझ गए । हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और कई घरों में चूल्हा तक नहीं जला ।

# राज्यसभा सांसद एवं पूर्व डीजीपी का जिले में हुआ आगमन



बाराबंकी। प्रधान मंत्री जी के कार्यकाल को 12 वर्ष पूर्ण होने पे जिले में राज्यसभा सांसद एवं पूर्व डीजीपी उत्तर प्रदेश बृज लाल जी का जिले में आगमन हुआ,उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के साथ बैठक करने जिलाध्यक्ष जयदीप सिंह सिद्धू के आवास पहुंचे ,उनका स्वागत गुरदीप सिंह सिद्धू जिला मंत्री भाजपा द्वारा किया गया,तत्पश्चात व्यापार संगठन की पूरी जिला इकाई से उनहोने व्यक्तिगत मुलाकात भी की एवं व्यापारियों से जिले की समस्याओं एवं विकास के मुद्दों को सुना,वार्ता में प्रमुख विषय जिला अस्पताल में कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर की तैनाती की माँग रखी गई ,व्यापारियों को मुद्रा लोन मिलने में हो रही दिक्कतों का मुद्दा भी उठाया गया,बृज लाल जी ने समस्याओं को संसद में उठाने का आश्वासन दिया,बैठक में जिला महामंत्री भूपेंद्र शुक्ला,वीरेंद्र वर्मा,अमित सचदेवा,जन्मेजय गुप्ता रामू,मोनू त्रिवेदी,मुकेश त्रिवेदी,अमरेश शुक्ला,ऋषि कालरा,अजय गुप्ता,अन्य जिला पदाधिकारी मौजूद रहे।

# समाजवादी पार्टी की संगठनात्मक समीक्षा बैठक में संगठन की मजबूती पर हुआ मंथन



बहराइच। मिहींपुरवा समाजवादी पार्टी के मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह की उपस्थिति में समाजवादी कार्यकर्ताओं की एक संगठनात्मक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की वर्तमान गतिविधियों, बूथ स्तर पर कार्यों की प्रगति तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, युवाओं एवं आमजन की भागीदारी बढ़ाने तथा जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर समाजवादी विचारधारा एवं पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि समाजवादी आंदोलन की वास्तविक ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने संगठन विस्तार, बूथ सुदृढ़ीकरण तथा युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर विशेष बल देते हुए कहा कि आने वाले समय में पार्टी की नीतियों और जनहित के मुद्दों को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए सभी कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य करें।बैठक की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी बहराइच के जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने की। अपने संबोधन में उन्होंने संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं से पूरी निष्ठा, सक्रियता एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री बंशीधर बौद्ध, पूर्व सांसद सावित्री बाई फूले, पूर्व विधायक रमेश गौतम, शब्बीर बाल्मीकि, अक्षयवर नाथ कनौजिया, ललिता हरेन्द्र पासवान, रेखा राव, राजेश चौधरी, अनिल यादव, विश्राम सिंह, अयोध्या प्रसाद सोनी, डा.ऐनुद्दीन, खुर्शीद अहमद, सोनू यादव , प्रदीप गौतम संतोष प्रजापति वीरू समेत तमाम समाजवादी पार्टी के नेता कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संस्थापक सम्पादक-स्व.कैलाशनाथ
तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि.के लिए प्रकाशक योगेन्द्र विश्वकर्मा,मुद्रक एवं सम्पादक-आदर्श कुमार
* स्थानीय सम्पादक-राजेन्द्र प्रसाद यादव
तरुणमित्र के लिए योगेन्द्र विश्वकर्मा इण्डियन एक्सप्रेस सी.-26 अमौसी इण्डिस्ट्रियल एरिया लखनऊ से मुद्रित एवं बड़ी देवकाली मंदिर के बगल बेनीगंज रोड, अयोध्या (उ.प्र.) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं.-55856/90
फोन नं.- 05278-363073
मो.नं. : 9451922445
ई-मेल- tarunmitra@rediffmail.com, tarunmitrafaizabad@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तर दायी एवं उत्पन्न समस्त विवाद फैजाबाद न्यायालय के अधीन ही होगें।

# 382 ग्राम अवैध स्मैक के साथ दो अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार




बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय द्वारा में जनपद में मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना घुंघटेर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण 1. मो0 सलमान, 2. शमसेर आलम पुत्रगण मो0 अनवर उर्फ फसन्नू निवासीगण ग्राम टिकरा उसमा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 382 ग्राम अवैध मार्फीन बरामद किया गया। अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना घुंघटेर पर मु0अ0सं0 123/2026 धारा 8/21 एन.डी.पी.एस. एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटरसाइकिल P 41 D 7265 बरामद किया गया। अभियुक्त सलमान उपरोक्त का आपराधिक इतिहास इस प्रकार से है - 1. मु0अ0सं0 30/2021 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना मसौली जनपद बाराबंकी के साथ अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अभय कुमार मौर्या, उ0नि0 आदर्श पाण्डेय, हे0का0 मुकेश बौद्द, का0 अरविन्द राजभर, का0 बृजेश यादव थाना घुंघटेर जनपद बाराबंकी का सराहनीय योगदान रहा।

# डीएम ने नगर पालिका का किया निरीक्षण

सुलतानपुर। सुल्तानपुर के जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने गुरुवार को नगर पालिका परिषद का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण की स्थिति का जायजा लिया। इससे पूर्व, डीएम ने विद्युत विभाग के कामकाज की भी समीक्षा की थी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि नगर पालिका में साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, नाला सफाई और गोवंश संरक्षण से संबंधित शिकायतें सर्वाधिक हैं। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने अधिशासी अधिकारी (ईओ) को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ताओं को फोन कर फीडबैक लिया जाए। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि नागरिक की समस्या का केवल कागजी नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण समाधान हो और वे की गई कार्रवाई से संतुष्ट हों। डीएम ने यह भी स्पष्ट किया कि अब इन शिकायतों की साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी। इसका लक्ष्य नागरिकों की संतुष्टि का स्तर बढ़ाना और उन्हें वास्तविक राहत प्रदान करना है। उन्होंने दोहराया कि जनता की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण और वास्तविक निस्तारण ही उनकी प्राथमिकता है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मै शपथी केतकी देवी पत्नी राकेश कुमार निवासी जेनी पकड़िया सड़कपुर नरायणपुर ईधो नरायणपुर ईधा जिला गोण्डा उत्तर-प्रदेश- 271123 यह शपथ पूर्वक घोषणा करती हूं की मैने अपना नाम केतकी देवी से बदलकर अंशुदेवी स्थायी रूप से कर लिया है । यह नाम परिवर्तन शपथ-पत्र संख्या IN - UP09029941485514Y दिनांक 09/06/2026 के आधार पर किया गया है जो नोटरी पब्लिक के समक्ष शपथ-पत्र लेकर बनाया गया है।अत: शपथी को अंशु देवी के नाम से ही जाना पहचाना जाए ।

( सूचनाकर्ता )-

**शपथी केतकी देवी पत्नी राकेश कुमार निवासी जेनी पकड़िया सड़कपुर नरायणपुर ईधो नरायणपुर ईधा जिला गोण्डा उत्तर-प्रदेश**

# नामांकन के आखिरी दिन 16 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा 27 जून को होगा चुनाव



**बीकापुर अयोध्या।** बार एसोसिएशन बीकापुर वार्षिक चुनाव 2026- 27 की नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। 27 जून को मतदान होगा। अध्यक्ष, मंत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संयुक्त मंत्री समेत अन्य महत्वपूर्ण पदों के लिए 11 जून को नामांकन पत्र दाखिल किया गया । निर्वाचन अधिकारी अवध राम यादव, श्रीकांत त्रिपाठी एवं अवधेश पांडे तथा चंद्र भूषण दुबे की निगरानी में विभिन्न पदों के लिए चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों ने अपना अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। 15 जून को प्रत्याशियों के नाम की वापसी होगी। और 27 जून को 118 अधिवक्ता मतदाता अध्यक्ष व मंत्री पद के लिए चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे 27 जून को सुबह 10ः00 बजे से मतदान शुरू हो जाएगा जो अपराह्न 3ः00 बजे तक चलेगा। और 27 जून को ही लंच के बाद मतो की गणना होगी और शाम 4.00 बजे तक परिणाम घोषित कर दिया जाएंगे,

मालूम हो कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अध्यक्ष , उपाध्यक्ष,मंत्री, तथा संयुक्त मंत्री समेत अन्य महत्वपूर्ण पदों का चुनाव कराया जा रहा है। अब की बार अध्यक्ष पद के लिए वंशीधर शुक्ला, सीताराम दुबे तथा शिव नाथ सिंह चुनावी मैदान में है। पिछली बार रनर प्रत्याशी रहे वंशीधर शुक्ला से दोनों प्रत्याशियों की सीधी टक्कर मानी जा रही है। विगत वर्ष वंशीधर शुक्ला एक मत से पराजित हुए थे। रनर प्रत्याशी होने के नाते अध्यक्ष पद के प्रत्याशी वंशीधर शुक्ला अधिवक्ता मतदाताओं के बीच चर्चा का विषय बने हुए हैं। विगत वर्ष अध्यक्ष पद के उम्मीदवार वंशी धर शुक्ला को कुल 42 मत मिले थे। और वे अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अवध राम यादव से एक मत से पराजित हुए थे ।

वही मंत्री पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं प्रत्याशी राम सिंह यादव और पिछली बार के रनर प्रत्याशी रहे कुश कुमार राय के बीच मुकाबला कांटे का दिखाई दे रहा है। विगत वर्ष में रहे रनर प्रत्याशी कुश कुमार राय मात्र 2 मतों से मंत्री पद का चुनाव हार गए थे। इनको कुल 60 मत मिले थे। अबकी बार ये दुबारा चुनावी मैदान में उतरे हैं। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए अशोक कुमार सिंह तथा सुरेंद्र कुमार पांडे ने भी अपना अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। संयुक्त मंत्री पद के लिए प्रत्याशी पुष्पेंद्र मिश्रा, दिनेश कुमार पांडे तथा कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए श्याम सुंदर कनौजिया, और वरिष्ठ कार्यकारिणी पद के लिए राम सजीवन चौरसिया, दिनेश कुमार तिवारी, रमेश कुमार तथा कनिष्ठ कार्यकारिणी पद के लिए सुशील कुमार पांडे, संजय पांडे, तथा अरुण कुमार मिश्रा ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के आज आखिरी दिन कोषाध्यक्ष पद के लिए कोई पर्चा दाखिल नहीं किया गया।

## बीज शोधन/भूमि शोधन करके ही खरीफ फसलों की बुवाई करें

**अयोध्या।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी श्री सौरभ वर्मा ने बताया कि जो किसान भाई खरीफ में अपने घर का बीज बुआई के लिए प्रयोग कर रहे है उसको बीज शोधन करके ही बोये। बीज शोधन करने से बीज जनित बीमारियों का नियंत्रण आसानी से हो जाता है। बीज शोधन करने से बीज के ऊपर चिपका हुआ रसायन बीज पर आक्रमण करने वाले फफूंदियों को नष्ट कर देता है। धान में बीज शोधन के लिए 2.5 ग्राम थीरम 75 प्रतिशत अथवा 2 ग्राम कार्बेन्डाजिम 50 प्रतिशत अथवा 2 ग्राम थीरम 75 प्रतिशत + एक ग्राम कार्बेन्डाजिम 50 प्रतिशत प्रति किग्रा0 बीज में बुवाई से पूर्व मिलाना चाहिए।

भूमि शोधन के लिए 2.5 किग्रा0 ट्राइकोडरमा को 50 किग्रा0 सड़ी गोबर की खाद में मिलाकर एक सप्ताह छायें में रखकर आखिरी जुताई के समय मिलाना चाहिए। भूमि शोधन करने से भूमि जनित बीमारियों का नियन्त्रण हो जाता है। दीमक वाले क्षेत्रों में 2.5 किग्रा0 ब्यूवेरिया वैसियाना 1 प्रतिशत ड्ब्ल्यू 50 किग्रा0 गोबर की खाद में मिलाकर रखने के बाद खेत में प्रयोग करें जिससे दीमक नियंत्रण हो जायेगा। बीज शोधक रसायनों पर 75 प्रतिशत अनुदान जनपद के प्रत्येक विकासखण्डों में स्थित कृषि रक्षा इकाईयों पर उपलब्ध है। इससे संबंधित और अधिक जानकारी संबंधित कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# नदी में बचाओ-बचाओ की गूंज, मॉकड्रिल में जीवंत दृश्य



**अयोध्या।** अयोध्या जनपद के रूदौली तहसील क्षेत्र में गुरुवार को सरयू नदी के किनारे बाढ़ प्रभावित क्षेत्र पूरे महँगू मजरे संदरी में एक सजीव और प्रभावी मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। मॉकड्रिल के दौरान अचानक बचाओ-बचाओ की आवाजें गूंज उठीं और तत्परता दिखाते हुए पुलिस बल, होमगार्ड तथा एसडीआरएफ टीम ने जीवन रक्षक उपकरणों के साथ डूबते लोगों की भूमिका निभा रहे प्रतिभागियों को नदी से सुरक्षित बाहर निकाला। उन्हें पास ही स्थापित अस्थाई स्वास्थ्य शिविर में पहुंचाया गया, जहां मौजूद चिकित्सकों द्वारा तत्काल प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया।

मॉकड्रिल के बाद एसडीएम रूदौली संतोष कुमार के नेतृत्व में बाढ़ से प्रभावित महगू पुरवा, कैथी, सल्लाहपुर, अब्बूपुर, सड़री और पसैया गांव का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने राहत शिविरों में स्थापित सुविधाओं और उपकरणों का बारीकी से परीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया।कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि इसमें प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की भी सक्रिय भागीदारी रही। मौके पर एडीएम एफआर अमित कुमार भट्ट, डोगरा रेजिमेंट के मेजर राजीव कुमार, क्षेत्राधिकारी रूदौली आशीष निगम, सीओ होमगार्ड, तहसीलदार विजय कुमार गुप्ता, प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य, नायब तहसीलदार शेखर शुक्ला नायब तहसीलदार राज नारायण मौर्य, खंड शिक्षा अधिकारी रामाकांत राम, आपदा विशेषज्ञ यथार्थ तिवारी, राजस्व निरीक्षक राम सुरेश लेखपाल नकछेद भारती, रोशन कुमार खाद्य और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी तथा भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।यह मॉकड्रिल न केवल प्रशासन की तैयारियों को परखने का माध्यम बनी, बल्कि स्थानीय ग्रामीणों को भी बाढ़ से निपटने की जानकारी और विश्वास प्रदान करने में कारगर साबित हुई। राज्य आपदा प्रबंधन के निर्देश पर आयोजित यह अभ्यास क्षेत्र में संभावित आपदा के प्रति सजगता का प्रतीक बना।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष के पिता की श्रद्धांजलि एवं शान्ति भोज कल

**अयोध्या।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष रहे अखिलेश यादव के 75 वर्षीय पिता स्वर्गीय त्रिवेणी प्रसाद यादव का 3 जून को हृदयाघात के कारण निधन हो गया था। इस संबंध में जानकारी देते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य अखिलेश यादव ने बताया कि पिता स्वर्गीय त्रिवेणी प्रसाद यादव की पुण्य स्मृति में उनकी आत्मा की शांति हेतु कल (शनिवार) को सायं 4 बजे उनके निज आवास दरोगा का पुरवा, दौलतपुर में श्रद्धांजलि सभा एवं शांति भोज का आयोजन किया गया है।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक एवं क्षेत्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर पिता स्वर्गीय त्रिवेणी प्रसाद यादव को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

# दो बाइकों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर में चार लोग घायल

**शुजागंज अयोध्या।** पटरंगा थाना क्षेत्र के रौजागांव-अलियाबाद संपर्क मार्ग पर बुधवार देर शाम दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में चार लोग घायल हो गए। हादसा सीवन बाजिदपुर गांव के समीप हुआ।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली भिजवाया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार पटरंगा थाना क्षेत्र के खुर्दहा गांव निवासी नूर आलम (26) पुत्र अब्दुल अजीज और उनके पिता अब्दुल अजीज (45) पुत्र जियाउल्लाह अलियाबाद से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सीवन बाजिदपुर गांव के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई।दूसरी बाइक पर बाराबंकी जनपद के असंदरा थाना क्षेत्र के बेलया गजकचीपुर गांव निवासी दल बहादुर (30) पुत्र कौशल प्रसाद अपने एक साथी के साथ ससुराल सराय बरई जा रहे थे। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइकों पर सवार चारों लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों का उपचार जारी है।

## कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी की संभावना

अयोध्या। आचार्य नरेन्द्रदेव कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्व विद्दालय कुमारगंज के मौसम वैज्ञानिक अमरनाथ मिश्र के अनुसार आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्के एवं हल्के से मध्यम बादल छाए रहने एवं कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी व हल्की वर्षा होने की संभावना है। श्री मिश्र के अनुसार गुरुवार का अधिकतम तापमान 34.0 डिग्री जो सामान्य से 4.4 डिग्री कम रहा जबकि न्यूनतम तापमान 22.0 डिग्री यह भी सामान्य से 4.7 डिग्री कम रहा। सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम 83 व न्यूनतम 52 प्रतिशत रही। 7.0 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से उत्तरी-पूर्वी दिशा से हवाएं चली। 9.0 मि0मी0 वर्षा रिकार्ड की गई।

# कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक



**अयोध्या।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में एक करोड़ से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा संचालित निर्माण परियोजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता एवं समयबद्ध पूर्णता की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि परियोजनाओं के निरीक्षण हेतु नामित नोडल अधिकारी इस माह परियोजना का निरीक्षण करते हुये अपनी रिपोर्ट समय पर प्रेषित करें तथा परियोजना से संबंधित कार्यदायी संस्था एवं विभागीय अधिकारी समस्त अभिलेखों के साथ नोडल अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य में सहयोग करें।

जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं एवं विभागीय अधिकारियों से परियोजनावार प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप समय से पूर्ण किए जाएं और कार्य स्थलों पर सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जायें। उन्होंने कहा कि जिन परियोजनाओं में कार्य प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है, उनमें आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए कार्य में तेजी लाई जाए और जहां आवश्यता हो उनमें परियोजना की तिथियों में संशोधन कराना सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा निर्माणाधीन भवनों, सड़कों, पुलों, स्वास्थ्य एवं शैक्षिक संस्थानों सहित अन्य विकासात्मक परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की गई। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमित स्थलीय निरीक्षण करने तथा कार्यों की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी विभागों को वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की अद्यतन रिपोर्ट निर्धारित समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री कृष्ण कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी श्री अशोक शाक्य सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अब मिनटों में दूर होगी छात्र-छात्राओं की समस्याएं

**अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने जारी की ई-मेल आईडी, छात्र दर्ज करा सकेंगे अपनी शिकायत**



**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डा. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह की पहल पर छात्र-छात्राओं की समस्याओं को दूर करने के लिए ई-मेल आईडी जारी कर दी गई है। इसके जरिए छात्र-छात्राएं शैक्षणिक, छात्रावास, छात्रवृत्ति सहित अन्य शिकायतों को दर्ज करा सकेंगे। इस ई-मेल आईडी के जरिए छात्र-छात्राओं की समस्याओं का समाधान मिनटों में हो सकेगा। वहीं दूसरी तरफ अपनी समस्या को लेकर कुलपति कार्यालय पहुंचने वाले छात्र-छात्राओं से भी कुलपति संवाद कर रहे हैं और समस्या के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर रहे हैं। अब छात्र-छात्राएं andstudents.grievance@gmail.com ई-मेल आईडी पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यह आईडी छात्र कल्याण अधिष्ठाता की ओर से जारी की गई है। आपातकालीन स्थिति में छात्र-छात्राएं छात्रावास अधीक्षक को सूचित करते हुए अपनी समस्या के समाधान के लिए सीधे छात्र कल्याण अधिष्ठाता से मिल सकेंगे। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. डी. नियोगी ने बताया की तथ्यहीन या भ्रामक शिकायत दर्ज कराने वाले छात्र-छात्राओं के खिलाफ नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

डा. नियोगी ने बताया कि महिला छात्रावासों में सीसीटीवी लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और जहां नहीं है वह भी छात्रावास जल्द सीसीटीवी से लैस होंगे। यमुना और ब्रह्मपुत्र छात्रावास में पानी की समस्या को देखते हुए 150 लीटर क्षमता का आर.ओ वाटर फिल्टर लगाया गया है।

# जनपद में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से किया जा रहा जन-जागरूकता कार्यक्रम




**अम्बेडकरनगर।** निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में प्रदेश सरकार की नीतियों, उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद में सूचना विभाग में पंजीकृत विभिन्न सांस्कृतिक दलों द्वारा नगर निकाय क्षेत्रों में जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में बुधवार को नगर पालिका परिषद टांडा क्षेत्र स्थित बस स्टैंड परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्रीमंत प्रकृति यादव ग्राम कनेक्शन म्यूजिकल ग्रुप एवं श्रीमंत शैलजा भारती सांस्कृतिक दल के कलाकारों द्वारा लोकगीत, गीत-संगीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों तथा उपलब्धियों की जानकारी जनसामान्य तक पहुंचाई गई।

कलाकारों ने अपने प्रभावशाली सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, किसान कल्याण तथा अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के संबंध में लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे तथा उन्होंने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्राप्त जानकारी में रुचि दिखाई।

अवगत कराना है कि जनपद के विभिन्न नगर निकायों में ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है, जिससे प्रदेश सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाई जा सके।

# बाल श्रम उन्मूलन एवं जन-जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन




**अंबेडकरनगर।** भारत सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संचालित ''12 साल विश्वास के, जन कल्याण के'' अभियान के अंतर्गत आयोजित समेकित जनकल्याण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में कार्यालय सहायक श्रमायुक्त, पुरानी तहसील परिसर, अकबरपुर, अम्बेडकरनगर में ''बाल श्रम उन्मूलन एवं जन-जागरूकता संगोष्ठी'' का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के संबंध में आमजन को जागरूक करना तथा बाल श्रम उन्मूलन हेतु जनसहभागिता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहायक श्रमायुक्त, अम्बेडकरनगर श्री सन्त पाल ने कहा कि बाल श्रम एक गंभीर सामाजिक एवं मानवीय समस्या है, जिसके प्रभावी उन्मूलन हेतु प्रशासन एवं समाज दोनों की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने बालकों के शिक्षा के अधिकार, श्रम कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा समाज के प्रत्येक वर्ग की जिम्मेदारियों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से अपील की कि यदि कोई बालक अथवा किशोर श्रम कार्य में संलिप्त पाया जाए तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित विभाग अथवा प्रशासन को उपलब्ध कराएं, जिससे नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। संगोष्ठी के दौरान प्रतिभागियों को बाल श्रम निषेध संबंधी विधिक प्रावधानों, बाल अधिकारों तथा श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिला सेवायोजन अधिकारी श्रीमती प्रीति मिश्रा द्वारा सेवायोजन विभाग के ''रोजगार संगम पोर्टल'' एवं ''सेवामित्र पोर्टल'' के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए उपस्थित नागरिकों को रोजगार एवं स्वरोजगार से संबंधित उपलब्ध अवसरों एवं सेवाओं के विषय में अवगत कराया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सक्रिय सहभागिता की गई तथा बाल श्रम उन्मूलन के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु अपने विचार व्यक्त किए गए। इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारी श्रीमती प्रीति मिश्रा, श्रम प्रवर्तन अधिकारी श्री अरविन्द कुमार सोनकर, जन विकास संस्थान के कम्युनिटी सोशल वर्कर, जन शिक्षण संस्थान एवं जन साहस संस्था के जनसाथी एवं कार्यकर्ता तथा श्रम विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एडीएम राजस्व एवं वित्त के नेतृत्व में हुआ मॉकड्रिल कार्यक्रम

## महंगू का पुरवा में कार्यक्रम हुआ आयोजित,राजस्व, स्वास्थ्य, पशुपालन एवं फायर बिग्रेड टीम, एसडीआरएफ टीम रही मौजूद




**शुजागंज (अयोध्या)।** रूदौली तहसील क्षेत्र के ग्राम मंहगू पुरवा मजरे संडरी में गांव में अपर जिलाधिकारी राजस्व एवं वित्त अमित कुमार भट्ट के नेतृत्व में बाढ़ से निपटने हेतु बचाव एवं राहत कार्य हेतु मॉकड्रिल कार्यक्रम किया गया जिसमें अचानक बचाव बचाव की आवाज आने लगी नदी के किनारे जीवन रक्षक उपकरण के साथ एसडीआरएफ व पुलिस टीम द्वारा नदी में डूब रहे लोगों को बाहर निकाल आ स्थाई स्वास्थ शिविर में ले जाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा सभी लोगों का उपचार किया गया।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमित कुमार भट्ट ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर हालात का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ चौकी, राहत शिविर तथा संबंधित विभागों द्वारा की गई तैयारियों की समीक्षा की।

प्रशासन द्वारा आयोजित आपदा बचाव एवं राहत शिविर में ग्रामीणों को बाढ़ के समय बरती जाने वाली सावधानियों तथा उपलब्ध कराई जाने वाली राहत सुविधाओं की जानकारी दी गई। एडीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बाढ़ की किसी भी संभावित स्थिति से निपटने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें तथा राहत एवं बचाव सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्रामीणों से भी सतर्क रहने और किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की। इस अवसर पर एसडीएम संतोष कुमार,सीओ आशीष निगम, प्रभारी निरीक्षक रूदौली संजय मौर्य चौकी प्रभारी शुजागंज अभिषेक सिंह , मय फोर्स,सद्दाम हुसैन, बीडीओ रूदौली,राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, फायर बिग्रेड टीम,पशुपालन विभाग, विद्युत विभाग सहित भारी संख्या में पुलिस कर्मचारी गण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को अर्पित की श्रद्धांजलि

**अयोध्या।** शहीद भगतसिंह स्मृति ट्रस्ट के चेयरमैन सत्यभान सिंह जनवादी ने महान क्रांतिकारी और स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी राम प्रसाद बिस्मिल के जयंती उनको श्रद्धाजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका जन्म 11 जून 1897 को उत्तर प्रदेश के शाहजहाँपुर में हुआ था। उन्होंने देश को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

राम प्रसाद बिस्मिल काकोरी कांड के प्रमुख नायकों में रहे और हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के सक्रिय सदस्य थे। उनकी क्रांतिकारी सोच और देशभक्ति से प्रेरित कविताओं ने युवाओं में स्वतंत्रता की अलख जगाई। सरफ़रोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है यह पंक्ति आज भी देशभक्ति की भावना को प्रज्वलित करती हैं। आज जरूरत है देश के युवाओं को क्रांतिकारी परंपरा को आगे बढ़ाए और शहीदों का जो सपना था वह पूरा हो।

# राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय हीड़ी पकड़िया का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी श्रीमती ईशा प्रिया ने बुधवार को राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय हीड़ी पकड़िया का औचक निरीक्षण कर वहां संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था तथा रोगियों को प्रदान की जा रही सेवाओं का गहन अवलोकन किया गया।

निरीक्षण के समय वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. नितेश करण गिरी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि चिकित्सालय की ओपीडी में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज उपचार हेतु पहुंच रहे हैं। जिलाधिकारी ने चिकित्सालय परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था को और बेहतर बनाए रखने, चिकित्सालय को निर्धारित समयानुसार संचालित करने तथा परिसर में वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

तरुणमित्र
शुक्रवार, 12 जून 2026
संवत- 2083, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष.- 12

# रणनीति की जरूरत

पर्यावरणवाद की एक धारा प्रकृति को आधुनिकता से पृथक एक नैतिक आश्रयभूमि के रूप में देखती आई है। इस दृष्टिकोण ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता तो बढ़ाई है, लेकिन उसे आर्थिक यथार्थ से काटकर संरक्षण को कठिन बना दिया है। दिलचस्प बात यह है कि 'इकोलॉजी' और 'इकोनॉमिक्स' दोनों ही शब्दों की उत्पत्ति यूनानी शब्द 'ओइकोस' से हुई है, जिसका अर्थ है 'घर' या 'परिवेश'। एक इस घर को समझने का माध्यम है, तो दूसरा इसके प्रबंधन का विज्ञान। ऐसे में प्रकृति और आर्थिक विकास को एक-दूसरे का दुश्मन मान लेना नासमझी है। जैव विविधता संरक्षण के लिए केवल कानून और सरकारी बजटीय आवंटन पर्याप्त नहीं हैं। इसके लिए बड़े निजी निवेश, बीमा और बाजार के ऐसे तरीकों की दरकार है, जो पर्यावरण की रक्षा करने वालों को पुरस्कृत करें और नुकसान पहुंचाने वालों को दंडित।

सही दिशा मिलने पर पूंजीवाद विनाश की कीमत तय कर प्रकृति को भौतिक समृद्धि की बुनियाद के तौर पर वैधता दिला सकता है। भारत के संदर्भ में यह और भी महत्त्वपूर्ण है। विश्व के 17 सर्वाधिक जैव-विविध देशों में शामिल भारत हिमालय, पश्चिमी घाट, भारत-बर्मा क्षेत्र और निकोबार द्वीप जैसे अतिसंवेदनशील पारितंत्रों का घर है। हालिया अध्ययनों ने पूर्वी तट और गुजरात में फैले मैंग्रोव तथा कार्बन सोखने वाले तटीय पारितंत्रों के पर्यावरणीय और आर्थिक महत्त्व को रेखांकित किया है। भारत में पर्यटन, मत्स्य पालन, जलविद्युत, कृषि यहां तक कि जलवायु आपदाओं से लड़ने की शहरी क्षमता भी इन पारितंत्रों पर टिकी है। भारत आज भी जैव विविधता को प्रशासनिक और विनियामक नजरिए से देखता है, लेकिन देश में जैव-विविधता बचाने के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी और मजबूत जवाबदेही भी जरूरी हैं। भारत को मुख्यतः दो कारणों से इस बदलाव की अगुवाई करनी चाहिए। पहला कारण घरेलू है। भारत के पास विशाल प्राकृतिक संपदा है, लेकिन वह गंभीर पर्यावरणीय संकटों से भी जूझ रहा है। हिमालय में जंगलों का क्षरण, प्रायद्वीपीय भारत में पानी की कमी, तटीय कटाव, जानलेवा लू, जंगलों की आग, पश्चिमी घाट में जैव-विविधता का नुकसान और मैंग्रोव तथा आर्द्रभूमियों पर बढ़ता शहरी दबाव। कई क्षेत्रों में समस्या केवल संसाधनों के अधिक दोहन की नहीं, बल्कि उपेक्षा और कमजोर स्थानीय अर्थव्यवस्था की भी है।

देश का 36 प्रतिशत से अधिक वन क्षेत्र आग-प्रवण है। संकटग्रस्त कृषि क्षेत्रों से पलायन बढ़ता है और मिट्टी कमजोर होती जाती है। कई संवेदनशील क्षेत्रों में मजबूत स्थानीय अर्थव्यवस्था के अभाव में जैव-विविधता और संरक्षण दोनों कमजोर पड़ते हैं। पश्चिमी घाट और हिमालय पर 2025 के वैज्ञानिक अध्ययनों ने चेतावनी दी है कि 'ग्रीन कवर' बढ़ने के दावे अक्सर प्राकृतिक वनों के भीतर हो रहे वास्तविक पारिस्थितिक नुकसान को छिपा देते हैं, खासकर जब यह वृद्धि बाहरी प्रजातियों के कारण होती है। दूसरा कारण वैश्विक है। भारत हिंद महासागर क्षेत्र, दक्षिण एशिया और विकासशील देशों में प्रकृति पर आधारित विकास मॉडल का नेतृत्व करने की मजबूत स्थिति में है। इंटरनेशनल सोलर अलायंस, जलवायु साझेदारियों और विकास परियोजनाओं के जरिए भारत ने अफ्रीका, दक्षिण-पूर्व एशिया और छोटे द्वीपीय देशों के साथ मजबूत संबंध बनाए हैं। ये ऐसे क्षेत्र हैं जो जलवायु परिवर्तन और जैव-विविधता के संकट से सर्वाधिक प्रभावित हैं। भारतीय बैंक और वित्तीय संस्थान संवेदनशील क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, नवीकरणीय ऊर्जा, बंदरगाहों, कृषि व्यवसाय और तटीय विकास परियोजनाओं में निवेश कर रहे हैं। भारत प्रकृति और विकास के बीच संतुलित वित्तीय मॉडल का वैश्विक नेतृत्व कर सकता है। कई देश जैव-विविधता को अपनी आर्थिक और सरकारी नीतियों का हिस्सा बना रहे हैं।

# ...आज का दिन...

**मेष**- आज दिन 8/17 बजे तक समय अशुभ, आहार विहार में अनियमितता, स्वास्थ्य प्रभावी, हानि भी, शेष समय उन्नतिकारक, व्यापार में विस्तार, नवयोजना फलीभूत।

**वृषभ**- आज दिन 8/17 बजे तक समय अनुकूल, धनागम में वृद्धि, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, शेष समय प्रतिकूल, द्रव्य की क्षति, विरोधियों का वर्चस्व।

**मिथुन**- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, मनोवांछित सफलता का सुअवसर, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, व्यक्तित्व का विकास, जीवन साथी से सामंजस्य।

**कर्क**- ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, वांछित सफलता का सुअवसर, मान-सम्मान में वृद्धि, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, दूर या समीप की यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त।

**सिंह**- आज दिन 8/17 बजे तक समय निराशाजनक, कार्यों में गतिरोध, एकाग्रता का अभाव, शेष समय में परिस्थितियां सुधार पर, पुरुषार्थ से कार्यसिद्धि, नव उपलब्धि।

**कन्या**- आज दिन 8/17 बजे तक समय बेहतर, किसी योजना का श्रीगणेश, यात्रा का सुपरिणाम, शेष समय आशा के विपरीत, लाभ का मार्ग अवरुद्ध, व्यय की अधिकता।

**तुला**- भाग्योन्नति का मार्ग प्रशस्त, प्रियजनों से अपेक्षित सहयोग, धार्मिक गतिविधियों में अभिरुचि, अधिकारी वर्ग से अनुकूलता, दूर समीप की यात्रा का प्रसंग, वाहन सुख।

**वृश्चिक**- किसी योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, आकस्मिक लाभ का सुयोग, बकाए धन की प्राप्ति, मनोविनोद के अवसर प्राप्त, भोग विलासिता की ओर रुझान, मन प्रसन्न।

**धनु**- आज दिन 8/17 बजे तक कठिनाइयां प्रभावी, दूसरों के चक्कर में स्वयं का नुकसान, शेष समय बेहतर, प्रगति हेतु विचार-विमर्श, लाभार्जन का सुयोग।

**मकर**- आज दिन 8/17 बजे तक ग्रहयोग भाग्य के पक्ष में, कार्य क्षमता में वृद्धि, वाहन से सुख, शेष समय में निराशा, दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता, यात्रा असंतोषजनक।

**कुम्भ**- योजना को कार्यान्वित करने का सुयोग, स्वास्थ्य में सुधार, आकस्मिक लाभ, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि, मौजमस्ती के निमित्त अधिक व्यय।

**मीन**- व्यापारिक उन्नति में उपस्थित गतिरोध समाप्त, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, नौकरी में स्थानान्तरण, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, परिणय के क्षेत्र में अनुकूलता।

-: श्री विमल जैन :-
हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002 ( उ0प्र0 )- मो0:-09335414722

# मोदी -ट्रम्प संभावित मुलाकात से क्या बदल सकता है?



वैश्विक स्तरपर फ्रांस के एवियन-ले-बैंस में 52 वां शिखर सम्मेलन 15-17 जून को होने वाले जी-7 के दौरान भारत के प्रधानमंत्री और अमेरिका के राष्ट्रपति के बीच संभावित द्विपक्षीय बैठक की संभावना प्रबल मानी जा रही है। हालांकि दोनों देशों की ओर से अभी तक औपचारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन भारतीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार व्यापार, वीजा नीति, ऊर्जा सहयोग और सामरिक साझेदारी जैसे विषय इस मुलाकात के केंद्र में रह सकते हैं।




भारत और अमेरिका के संबंध पिछले दो दशकों में निरंतर मजबूत हुए हैं, किंतु 2026 में यह रिश्ता एक नए मोड़ पर खड़ा दिखाई देता है। एक ओर दोनों देश रक्षा, प्रौद्योगिकी इंडो-पैसिफिक सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला सहयोग को आगे बढ़ा रहे हैं,वहीं दूसरी ओर टैरिफ, व्यापार असंतुलन और आव्रजन नीतियों को लेकर मतभेद भी सामने आए हैं। ऐसे समय में यदि मोदी और ट्रम्प की मुलाकात होती है तो यह केवल एक औपचारिक कूटनीतिक बैठक नहीं होगी, बल्कि आने वाले वर्षों के भारत-अमेरिका संबंधों की दिशा निर्धारित करने वाली वार्ता भी साबित हो सकती है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि़ वर्तमान परिस्थितियों में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा भारत - अमेरिका व्यापार समझौता है।

दोनों देशों के बीच पिछले लगभग डेढ़ वर्ष से व्यापक व्यापार वार्ताएं चल रही हैं और भारतीय वाणिज्य मंत्रालय ने संकेत दिया है कि जुलाई 2026 तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप दिया जा सकता है। भारत का लक्ष्य अमेरिकी बाजार में अपने उत्पादों के लिए अधिक अनुकूल और प्रतिस्पर्धी शुल्क दरें प्राप्त करना है, जबकि अमेरिका चाहता है कि भारतीय बाजार में अमेरिकी वस्तुओं और सेवाओं के लिए सटीकता से अधिक पहुंच उपलब्ध हो।

साथियों, भारत अमेरिका व्यापार के क्षेत्र में सबसे बड़ी चुनौती अमेरिकी टैरिफ नीति है। हाल ही में अमेरिका ने भारत सहित कई देशों के आयात पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत से 12.5 प्रतिशत तक शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा है। अमेरिकी प्रशासन का तर्क है कि यह कदम श्रम मानकों और व्यापारिक असंतुलन से जुड़े मुद्दों के कारण आवश्यक है,जबकि भारत ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि वार्ता के माध्यम से समाधान निकाला जाना चाहिए। यदि जी-7 सम्मेलन के दौरान मोदी और ट्रम्प के बीच सकारात्मक चर्चा होती है तो इन प्रस्तावित टैरिफों में राहत मिलने की संभावना बन सकती है। भारत के लिए यह मुद्दा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका उसका सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। वस्त्र, औषधि, इंजीनियरिंग उत्पाद, रसायन और सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं के क्षेत्र में भारतीय कंपनियां अमेरिकी बाजार पर काफी निर्भर हैं। अतिरिक्त शुल्क लागू होने की स्थिति में भारतीय निर्यातकों की प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित हो सकती है। इसलिए नई दिल्ली की प्राथमिकता यह होगी कि किसी भी संभावित व्यापार समझौते में भारतीय उद्योगों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए।

साथियों, दूसरा महत्वपूर्ण मुद्दा एच -1बी वीजा है, अमेरिका में काम करने वाले लाखों भारतीय पेशेवरों और आईटी उद्योग के लिए यह विषय अत्यंत संवेदनशील है। ट्रम्प प्रशासन द्वारा वीजा नियमों को सख्त करने के संकेतों ने भारतीय आईटी कंपनियों और तकनीकी विशेषज्ञों के बीच चिंता पैदा की है। रिपोर्टों के अनुसार प्रधानमंत्री इस विषय को सीधे अमेरिकी राष्ट्रपति के समक्ष उठा सकते हैं। भारतीय पक्ष का तर्क है कि भारतीय पेशेवर अमेरिकी अर्थव्यवस्था, नवाचार और तकनीकी विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, इसलिए एच -1बी वीजा व्यवस्था को अत्यधिक प्रतिबंधात्मक बनाना दोनों देशों के हित में नहीं होगा। एच -1बी केवल रोजगार का विषय नहीं है बल्कि यह भारत- अमेरिका तकनीकी संबंधों की आधारशिला भी है। अमेरिका की प्रमुख तकनीकी कंपनियों में हजारों भारतीय इंजीनियर और विशेषज्ञ कार्यरत हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा और सेमी कंडक्टर जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों का सहयोग लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में वीजा व्यवस्था में स्थिरता बनाए रखना रणनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

साथियों, ऊर्जा सहयोग भी संभावित वार्ता का प्रमुख विषय माना जा रहा है। अमेरिका पहले ही भारत के लिए तेल और गैस का एक महत्वपूर्ण स्रोत बन चुका हैरिपोर्टों के अनुसार दोनों नेता ऊर्जा आपूर्ति, वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा तथा संभावित रूप से वेनेजुएला से जुड़े ऊर्जा सहयोग के अवसरों पर भी चर्चा कर सकते हैं। ऐसे समय में जब वैश्विक ऊर्जा बाजार भू-राजनीतिक तनावों से प्रभावित हैं, भारत अपने ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने की रणनीति पर काम कर रहा है। रणनीतिक दृष्टि से देखा जाए तो इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सहयोग भी इस मुलाकात का एक महत्वपूर्ण पहलू हो सकता है। चीन के बढ़ते प्रभाव, समुद्री सुरक्षा, महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति और उभरती प्रौद्योगिकियों में प्रतिस्पर्धा ने भारत और अमेरिका को एक-दूसरे के और निकट लाया है। ट्रम्प प्रशासन भी चीन पर निर्भरता कम करने और वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने की नीति पर जोर देता रहा है। इस संदर्भ में भारत एक स्वाभाविक साझेदार के रूप में सटीकता से उभरता है।

साथियों, हालांकि संबंधों में कुछ राजनीतिक संवेदन शीलताएं भी मौजूद हैं। ट्रम्प द्वारा अतीत में भारत-पाकिस्तान तनाव को लेकर किए गए कुछ दावों को भारत ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार नहीं किया था। इसके अतिरिक्त व्यापारिक विवादों और शुल्क संबंधी मतभेदों ने भी दोनों देशों के बीच असहजता पैदा की थी। फिर भी हाल के महीनों में उच्चस्तरीय संपर्कों और कूटनीतिक संवाद ने वातावरण को काफी हद तक सकारात्मक बनाया है। अमेरिकी विदेश मंत्री की भारत यात्रा और दोनों देशों के अधिकारियों के बीच लगातार वार्ताओं ने यह संकेत दिया है कि दोनों पक्ष मतभेदों को बातचीत के माध्यम से सुलझाने के इच्छुक हैं।व्यक्तिगत स्तर पर मोदी और ट्रम्प के संबंध भी चर्चा का विषय रहे हैं। दोनों नेताओं ने अपने पिछले कार्यकालों में कई बार सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे की सराहना की है। ट्रम्प ने हाल ही में भी मोदी को अपना "अच्छा मित्र" बताया और भारत के साथ व्यापार समझौते को लेकर आशावाद व्यक्त किया। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में व्यक्तिगत समीकरण हमेशा निर्णायक नहीं होते, लेकिन वे कठिन वार्ताओं को आसान बनाने में सहायक अवश्य होते हैं।

साथियों, यदि यह बैठक सफल रहती है तो इसके परिणाम कई स्तरों पर दिखाई दे सकते हैं। पहला, व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने की दिशा में गति मिल सकती है। दूसरा, भारतीय पेशेवरों से जुड़े वीजा मुद्दों पर कुछ सकारात्मक संकेत सामने आ सकते हैं। तीसरा, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी सहयोग को नई दिशा मिल सकती है। चौथा, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सामरिक साझेदारी और अधिक मजबूत हो सकती है। इसके विपरीत यदि टैरिफ और व्यापारिक विवादों पर सहमति नहीं बनती तो संबंधों में तनाव की संभावनाएं भी बनी रह सकती हैं।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि़ जी-7 शिखर सम्मेलन 2026 केवल वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा का मंच नहीं है,बल्कि भारत और अमेरिका के लिए अपने द्विपक्षीय संबंधों को पुनर्परिभाषित करने का भी अवसर है। मोदी-ट्रम्प संभावित मुलाकात से यह स्पष्ट हो सकता है कि आने वाले वर्षों में दोनों देशसहयोग प्रतिस्पर्धा और रणनीतिक साझेदारी के बीच किस प्रकार संतुलन स्थापित करेंगे। वर्तमान संकेत बताते हैं कि दोनों पक्ष मतभेदों के बावजूद संवाद और सहयोग की राह पर आगे बढ़ना चाहते हैं।

इसलिए यह मुलाकात केवल दो नेताओं की भेंट नहीं, बल्कि 21वीं सदी की सबसे महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक साझेदारियों में से एक के भविष्य का संकेतक भी हो सकती है।

**-संकलनकर्ता लेखक - क़र विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए ( एटीसी ) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**
9284141425

## चंदौली

# चकिया-शहाबगंज की अंतिम मतदाता सूची जारी, लाखों वोटरों की तस्वीर हुई साफ

**तरूणमित्र न्यूज**

**चकिया, चंदौली।** आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों के बीच चकिया तहसील प्रशासन ने बुधवार को बड़ा कदम उठाते हुए चकिया एवं शहाबगंज विकास खंडों की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे वृहद पुनरीक्षण अभियान के तहत दावा-आपत्तियों के निस्तारण के बाद यह सूची सभी मतदान केंद्रों पर उपलब्ध करा दी गई है। तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी देवेंद्र कुमार ने तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बताया कि विकास खंड चकिया में अंतिम मतदाताओं की संख्या 1,47,869 दर्ज की गई है।




पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान 6,062 नामों में परिवर्तन, 448 संशोधन, 3,974 नामों का विलोपन तथा 2,088 नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं।

वहीं विकास खंड शहाबगंज में कुल 1,23,908 मतदाता अंतिम सूची में शामिल किए गए हैं। यहां 3,523 नामों में परिवर्तन, 237 संशोधन, 3,796 विलोपन तथा 273 नए मतदाताओं को सूची में स्थान मिला है। प्रशासन ने मतदाताओं से अपने नामों का सत्यापन करने की अपील की है। तहसीलदार ने बताया कि अंतिम मतदाता सूची की एक प्रति तहसील कार्यालय में नि:शुल्क अवलोकन के लिए उपलब्ध रहेगी। यदि किसी मतदाता को कोई जानकारी चाहिए तो वह कार्यालय समय में सूची देख सकता है।

इसी दौरान तहसील प्रशासन ने जनगणना कार्य में अपनी उपलब्धि भी साझा की। देवेंद्र कुमार ने बताया कि चकिया तहसील में कुल 779 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक (एचएलबी) बनाए गए थे, जिनमें से 773 का कार्य समय से पहले पूरा कर लिया गया है। इसी उपलब्धि के साथ चकिया तहसील जनगणना कार्य में पूरे जिले में प्रथम स्थान पर पहुंच गई है। शेष कार्य भी शीघ्र पूरा कर क्रॉस चेकिंग की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। पंचायत चुनाव की तैयारियों और जनगणना कार्य में मिली इस सफलता ने चकिया तहसील को जिले में एक नई पहचान दिलाई है।

# ग्राम पंचायतों में चला जन-जागरूकता अभियान, 2086 किलो प्लास्टिक कचरा हुआ एकत्र

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष जनसंपर्क एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। 8 से 14 जून तक चल रहे अभियान के तहत ग्राम सभाओं की बैठकें, "सरकार आपके द्वार" शिविर और मलिन बस्तियों में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं। जिला पंचायत राज अधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है। स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए ग्राम पंचायतों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। वहीं "प्लास्टिक मुक्त तालाब अभियान" के तहत तालाबों से प्लास्टिक कचरा हटाकर उनके सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया।

अभियान के दौरान 2086 किलोग्राम से अधिक प्लास्टिक अपशिष्ट एकत्र कर उसका समुचित निस्तारण सुनिश्चित किया गया। प्रशासन ने कहा कि यह अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, जन-जागरूकता और सरकारी योजनाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

# बाढ़, फ्लैश फ्लड और नाव हादसों से निपटने का होगा मेगा रिहर्सल

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** मानसून के दस्तक देने से पहले चंदौली जिला प्रशासन ने बाढ़ और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में 11 जून 2026 को जनपद के विभिन्न तहसीलों में राज्य स्तरीय बाढ़ आपदा मॉक एक्सरसाइज-2026 का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले 10 जून को कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूपीएसडीएमए), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), मौसम विभाग लखनऊ, सिंचाई विभाग एवं अन्य एजेंसियों के मार्गदर्शन में टेबल-टॉप एक्सरसाइज सम्पन्न हुई।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, होमगार्ड, पशुपालन, अग्निशमन, पीआरडी, एनसीसी, एनएसएस, लोक निर्माण विभाग, नागरिक सुरक्षा, पीएसी तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग कर आपदा प्रबंधन की रणनीति पर चर्चा की।

प्रशासन के अनुसार 11 जून को सुबह 8 बजे से शाम 4:30 बजे तक आयोजित होने वाली यह मॉक ड्रिल जनपद की आपदा प्रतिक्रिया क्षमता का परीक्षण करेगी। इसका उद्देश्य विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना, राहत एवं बचाव कार्यों की वास्तविक तैयारी को परखना तथा किसी भी संभावित आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न, तीसरे दिन भी रही कड़ी निगरानी

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** जनपद में आयोजित पुलिस भर्ती की तीन दिवसीय लिखित परीक्षा जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल के निर्देशन में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा के अंतिम दिन प्रथम पाली में कुल 4128 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 3194 उपस्थित रहे, जबकि 934 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में भी परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। कुल 4128 अभ्यर्थियों में से 3211 अभ्यर्थी उपस्थित हुए तथा 917 अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा एवं पारदर्शिता के व्यापक इंतजाम किए गए थे। प्रशासनिक अधिकारियों की सतत निगरानी के चलते परीक्षा पूरी तरह नकलविहीन एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

# सड़कों और फुटपाथों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीः एसडीएम

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** नगर व आसपास के क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के एसडीएम मुगलसराय राजीव मोहन सक्सैना एवं कोतवाली पुलिस ने नगर के प्रमुख बाजारों और मुख्य मार्गों पर पैदल मार्च किया।



इस दौरान अधिकारियों ने सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण का निरीक्षण करते हुए दुकानदारों और व्यापारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।पैदल मार्च के दौरान एसडीएम राजीव मोहन सक्सैना ने स्पष्ट रूप से कहा कि सार्वजनिक सड़कों और फुटपाथों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि वे अपनी दुकानों का सामान सड़क पर न फैलाएं और यातायात को बाधित करने वाली गतिविधियों से बचें। अधिकारियों ने कहा कि अतिक्रमण के कारण आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी होती है और कई बार दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है।

इस दौरान नगर के व्यापारियों को विशेष रूप से यह भी निर्देशित किया गया कि रात के समय बिना अनुमति किसी भी प्रकार का तोड़फोड़, निर्माण अथवा मरम्मत कार्य न कराया जाए।

प्रशासन का कहना है कि रात्रि में ऐसे कार्य होने से सुरक्षा संबंधी खतरे उत्पन्न हो सकते हैं तथा किसी भी अप्रिय घटना की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। कोतवाली पुलिस ने भी दुकानदारों एवं स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि नगर में शांति, सुरक्षा और सुव्यवस्थित यातायात बनाए रखने के लिए प्रशासन के निर्देशों का पालन करना आवश्यक है। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# कवच युक्त पहली ट्रेन बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस सफलता पूर्वक चलायी गई

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** हावड़ा-दिल्ली रूट पर डीडीयू स्टेशन से गया के बीच 163 किमी तक कवच को चालू कर दिया गया है। रात फेसर-सासाराम सेक्शन पर कवच युक्त पहली ट्रेन 15137 बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस सफलता पूर्वक चलायी गई।डीडीयू गया रूट पर सरमाटांर से निमियाघाट,डीडीयू फ्लाईओवर केबिन से भभुआ रोड, सासाराम से फेसर में कवच प्रणाली को शुरू कर दिया गया है।



इससे चालू होने से ट्रेनों के आमने सामने की टक्कर अब नहीं होगी। डीडीयू गया रूट पर तीन सेक्शन में कवच वर्जन 4.0 (ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम) को चालू कर दिया। नए चालू किए गए सेक्शन में धनबाद और डीडीयू स्टेशन के सरमाटांर से निमियाघाट (76 किमी),डीडीयू फ्लाईओवर केबिन से भभुआ रोड (43 किमी ) और सासाराम से फेसर (44 किमी) सेक्शन शामिल हैं। यदि पूर्व मध्य रेलवे की बात करें तो कुल 256.3 रूट किलोमीटर पर कवच को चालू कर दिया गया है। इसमें पूर्व मध्य रेल का मानपुर-सरमाटांर (93.3 किमी) सेक्शन भी शामिल है। फेसर-सासाराम सेक्शन पर कवच युक्त पहली ट्रेन 15137 बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस चली। यह फेसर से 03:02 बजे गुजरी और सासाराम 03:50 बजे पहुंची। भभुआ-डीडीयू के फ्लाईओवर केबिन सेक्शन पर यह भभुआ से 04:39 बजे निकली और डीडीयू के एफओसी से 05.20 बजे गुजरी। कवच वर्ज़न 4.0, भारत की स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली का नवीनतम और सबसे उन्नत संस्करण है। इसे परिचालन फीडबैक और स्वतंत्र सुरक्षा आकलनों के आधार पर निरंतर तकनीकी अपग्रेड के माध्यम से विकसित किया गया है। अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) की ओर से अनुमोदित, कवच 4.0 रेलवे सुरक्षा में एक बड़ी प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है। इसे विशेष रूप से भारत के विविध, उच्च-घनत्व और मल्टी-लाइन रेल नेटवर्क की परिचालन मांगों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

कवच सुरक्षित ट्रेन परिचालन सुनिश्चित करने के लिए माइक्रोप्रोसेसर, ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) और रेडियो संचार प्रौद्योगिकियों को एकीकृत करता है।

जब एक पूर्व-निर्धारित दूरी के भीतर उसी ट्रैक पर दूसरी ट्रेन का पता चलता है, तो यह सिस्टम लोको पायलट को सचेत करता है और आवश्यकता पड़ने पर ऑनबोर्ड उपकरणों के माध्यम से स्वचालित रूप से ब्रेक लगा देता है। रेल मंडल के 163 किमी तक कवच सिस्टम को चालू कर दिया गया है। इस बाबत हाजीपुर के मुख्य जनसंपर्क अ?धिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि इसकी शुरूआत एक अधिक सुरक्षित, स्मार्ट और आत्मनिर्भर भारतीय रेलवे की ओर एक और कदम है। अन्य इलाकों में भी तेजी से कवच लगाने का काम किया जा रहा है। कवच लगने के बाद ट्रेनों के आमने सामने की टक्कर नहीं होगी।

# डीएम ने सुनीं जनता की समस्याएं

**तरूणमित्र न्यूज**



**चंदौली।** जिले में बुधवार को प्रशासनिक गतिविधियां पूरे दिन चर्चा में रहीं। पुलिस भर्ती परीक्षा का अंतिम चरण शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

ग्राम पंचायतों में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में मॉक एक्ससाइज आयोजित हुई। वहीं चकिया और शहाबगंज क्षेत्र में मतदाता सूची प्रकाशन तथा पंचायत चुनाव तैयारियों को लेकर भी प्रशासन सक्रिय नजर आया।

# प्रधानमंत्री के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और जनकल्याण का स्वर्णिम अध्याय:पीयूष गोयल



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 12 वर्ष विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के अभियान के अंतर्गत हजरतगंज स्थित सहकारिता भवन में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया।है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल रहे। साथ में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नितिन अग्रवाल, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉ. नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान, लालजी निर्मल, पद्मश्री मालिनी अवस्थी, प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी उपस्थित रहें।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों को भारत के परिवर्तन, सुशासन, जनकल्याण और वैश्विक प्रतिष्ठा में वृद्धि का कालखंड बताते हुए इसे देश के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय बताया।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि लखनऊ पहुंचते ही उन्हें राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल जाकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि इन तीनों महान विभूतियों का उनके जीवन पर विशेष प्रभाव रहा है तथा उनके विचार और आदर्श आज भी राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरणा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए उनका संघर्ष सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. मुखर्जी स्वतंत्र भारत के प्रथम उद्योग मंत्री थे और वर्ष 1947 से 1950 तक उन्होंने देश की औद्योगिक नींव को मजबूत करने का कार्य किया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री के रूप में कार्य करते हुए उन्हें उस विरासत को आगे बढ़ाने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 4,400 दिनों से अधिक का लगातार कार्यकाल लोकतांत्रिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 13 वर्षों तक गुजरात के मुख्यमंत्री और उसके बाद लगातार प्रधानमंत्री के रूप में राष्ट्रसेवा की है। उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि बिना एक दिन का अवकाश लिए राष्ट्रहित में समर्पित होकर कार्य करना प्रधानमंत्री मोदी की कार्यशैली की विशेषता है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपना संपूर्ण जीवन भारत को विश्व शक्ति बनाने, 140 करोड़ देशवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने तथा देश के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए समर्पित कर दिया है। प्रधानमंत्री की सोच सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास आज देश के विकास का आधार बन चुका है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। विकसित भारत-2047 का संकल्प केवल सरकार का नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों का संकल्प है। उन्होंने कहा कि जब प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनेगा, तब भारत तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर होगा।

उन्होंने वैश्विक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि कोरोना महामारी, रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया में जारी संघर्षों के बावजूद भारत ने मजबूती के साथ अपनी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व मंच पर अपनी अलग पहचान स्थापित की है तथा आज दुनिया भारत को आशा और स्थिरता के प्रतीक के रूप में देख रही है। पीयूष गोयल ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि कोरोना काल में प्रधानमंत्री मोदी ने यह सुनिश्चित किया कि देश का कोई भी नागरिक भूखा न सोए। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया गया। कोविड टीकाकरण अभियान के अंतर्गत देशवासियों को निःशुल्क वैक्सीन उपलब्ध कराई गई, जिससे करोड़ों लोगों का जीवन सुरक्षित हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से करोड़ों गरीब परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराए गए हैं। जल जीवन मिशन के तहत करोड़ों घरों तक नल से जल पहुंचाया गया है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत करोड़ों शौचालयों का निर्माण कर महिलाओं के सम्मान और स्वास्थ्य सुरक्षा को सुनिश्चित किया गया है। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों को निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिल रहा है तथा 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को भी स्वास्थ्य सुरक्षा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सहकारिता क्षेत्र की क्षमता को पहचानते हुए अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन किया। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में इस क्षेत्र को नई दिशा और गति मिली है। आज देश के करोड़ों लोग सहकारी संस्थाओं से जुड़े हुए हैं और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। पीयूष गोयल ने कहा कि नक्सलवाद के विरुद्ध केंद्र सरकार ने निर्णायक लड़ाई लड़ी है और देश तेजी से नक्सलवाद मुक्त भारत की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के परिणामस्वरूप सुरक्षा, विकास और जनकल्याण को नई गति मिली है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गए पंच प्रण का उल्लेख करते हुए कहा कि विकसित भारत का निर्माण, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता एवं एकजुटता तथा नागरिक कर्तव्यों के प्रति प्रतिबद्धता के माध्यम से भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अन्य वक्ताओं ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए जनभागीदारी का आह्वान किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक हुई आयोजित



सुलतानपुर । जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में विद्युत वितरण मण्डल कार्यालय, सुलतानपुर दरियापुर मे समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अधीक्षण अभियन्ता वी0 के0 जैन, अधिशासी अभियन्ता रितेश्वर बन्धु, अश्विनी कुमार वर्मा, शंशांक शुक्ला, राम स्वरूप वर्मा तथा समस्त उपखण्ड अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान क्षतिग्रस्त वितरण परिवर्तकों के निर्धारित समय सीमा में प्रतिस्थापन, उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, विद्युत आपूर्ति सम्बन्धी शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण तथा उपभोक्ता संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा उपभोक्ताओं की समस्याओं के प्रति पूर्ण संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य किया जाए। समीक्षा बैठक के उपरान्त जिलाधिकारी महोदय ने ट्रांसफार्मर कार्यशाला एवं स्टोर का निरीक्षण कर उपलब्ध संसाधनों, आवश्यक सामग्री की उपलब्धता तथा विभिन्न कार्यों की प्रगति का विस्तृत आकलन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपभोक्ता हित से जुड़े सभी कार्यों का निर्धारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, जिससे विद्युत सेवाओं की विश्वसनीयता एवं उपभोक्ता संतुष्टि में निरंतर सुधार हो सके।

# 6 महीने में 261 नाबालिग लड़कियां लापता



लखनऊ। लखनऊ में पिछले छह महीनों के दौरान 261 नाबालिग लड़कियों के लापता होने या अपहरण के मामले दर्ज हुए हैं। इनमें से 227 लड़कियों को पुलिस बरामद कर चुकी है, जबकि 34 बच्चियों का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। इस मामले में डीसीपी दीक्षा शर्मा का कहना है कि बच्चियों को ढूंढ़ने के लिए टीमें लगातार काम कर रही हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने पुलिस प्रशासन से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।न्यायमूर्ति प्रवीण कुमार गिरी की अवकाशकालीन पीठ ने एक 12 वर्षीय बच्ची की बरामदगी से जुड़ी बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका की सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया। न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद संबंधित बच्ची को पुलिस ने बरामद कर लिया। पुलिस आयुक्त की ओर से दाखिल शपथपत्र में बताया गया कि छह माह में 261 नाबालिग लड़कियों के गायब होने या अपहरण के मामले दर्ज किए गए। इनमें 227 को बरामद कर लिया गया है, जबकि 34 मामलों में पुलिस की टीमें अभी भी तलाश में जुटी हैं।

अदालत ने कहा कि लापता बच्चों के मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस आयुक्त को सभी लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति व्यक्तिगत शपथपत्र के साथ पेश करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही जांच में उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में गुमशुदा लड़कियों की बरामदगी को लेकर पुलिस उपायुक्त पूर्वी डॉ. दीक्षा शर्मा ने बताया कि पुलिस सभी लंबित मामलों की लगातार मॉनिटरिंग कर रही है। गुमशुदा बच्चियों की तलाश के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं और विभिन्न जनपदों व राज्यों में भी तलाश अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शेष बच्चियों की जल्द से जल्द बरामदगी के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। हाईकोर्ट ने संबंधित न्यायिक मजिस्ट्रेटों को विवेचनाओं की निगरानी करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि यदि संबंधित डीसीपी जांच की प्रगति की जानकारी नियमित रूप से नहीं देंगे तो इसे न्यायालय के आदेश की अवमानना माना जाएगा। मामले की अगली सुनवाई 3 जुलाई को होगी।

# पीएम मोदी के मार्गदर्शन में योगी सरकार ने बदली यूपी की तस्वीर

लखनऊ। कभी निवेशकों की प्राथमिकता सूची में पीछे रहने वाला उत्तर प्रदेश आज देश की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था में शामिल हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले 9 वर्षों में प्रदेश ने औद्योगिक विकास, निवेश, बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन के क्षेत्र में बड़े स्तर पर उपलब्धियां हासिल की हैं। केंद्र व राज्य सरकार के अभूतपूर्व तालमेल ने विकास की कई अहम पहलों के जरिए यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर किया है। 2017 से पहले सपा सरकार के दौरान उत्तर प्रदेश में निवेश की गति लगभग ठहर सी गई थी। कानून-व्यवस्था, बुनियादी ढांचे और निवेश-अनुकूल माहौल की कमी को निवेशकों की बड़ी चिंता माना जाता था, लेकिन 2017 के बाद स्थिति तेजी से बदली। पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश को 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन निवेश प्रस्तावों से लगभग 1.10 करोड़ रोजगार अवसर सृजित होने की संभावना है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के चार चरणों में 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रोजेक्ट धरातल पर उतारे जा चुके हैं, जिनसे लगभग 60 लाख रोजगार अवसर पैदा हुए हैं। वहीं 7.5 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट के साथ 5वीं जीबीसी प्रस्तावित है। पिछली सपा सरकार के मुकाबले यह बदलाव दर्शाता है कि निवेशकों का विश्वास उत्तर प्रदेश में पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत हुआ है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत जटिल प्रक्रियाओं के अनुपालन में कमी लाने के लिए यूपी को भारत में प्रथम स्थान मिला है। 65 विभागों में प्रक्रियागत 4,675 अनुपालन कम किए गए है। व्यापार में सुगमता को बढ़ावा देने के लिए 13 राज्य अधिनियमों में लगभग 99 प्रतिशत छोटे दंडात्मक प्रावधानों को हटाया गया है।

उत्तर प्रदेश की औद्योगिक सफलता के पीछे सबसे बड़ा आधार मजबूत बुनियादी ढांचा है। 2017 तक प्रदेश में सीमित एक्सप्रेसवे नेटवर्क था, जिनकी संख्या महज दो थी। वहीं आज उत्तर प्रदेश 22 एक्सप्रेसवे वाले राज्य के रूप में विकसित हो रहा है। फिलहाल यूपी में 9 एक्सप्रेसवे संचालित, 3 निर्माणाधीन और 10 प्रस्तावित हैं। देश के कुल एक्सप्रेसवे नेटवर्क का लगभग 55 प्रतिशत हिस्सा अकेले उत्तर प्रदेश में विकसित हो रहा है।

एक्सप्रेसवे के किनारे 26 जिलों में 27 स्थानों पर 5,300 हेक्टेयर भूमि औद्योगिक विकास के लिए चिन्हित की गई है। बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीआईडीए) के माध्यम से 56,662 एकड़ क्षेत्र में नया औद्योगिक शहर विकसित किया जा रहा है, जो आने वाले वर्षों में औद्योगिक विकास का बड़ा केंद्र बनेगा।

वर्ष 2017 से पहले यूपी में केवल दो हवाई अड्डे (लखनऊ, वाराणसी) पूरी तरह और गोरखपुर हवाई अड्डा आंशिक रूप से क्रियाशील था। मोदी सरकार के मार्गदर्शन में योगी सरकार ने 9 वर्षों में इस क्षेत्र में तेजी से विकास किया। नतीजा यह कि प्रदेश में 17 हवाई अड्डे वर्तमान में चालू हैं और 7 अन्य हवाई अड्डों का विकास जारी है। नोएडा (जेवर) अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के संचालन के साथ ही यूपी 5 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों वाला पहला राज्य बन गया।

माल ढुलाई के लिए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) के तहत पूर्वी फ्रेट कॉरिडोर का 1,050 किमी से अधिक हिस्सा यूपी से गुजरता है। पूर्वी और पश्चिमी डीएफसी का जंक्शन दादरी में स्थित है। भारत के 111 राष्ट्रीय जलमार्गों में से 11 यूपी में हैं। भारत का पहला मल्टी-मॉडल टर्मिनल और फ्रेट विलेज (100 एकड़ से अधिक) वाराणसी में निर्माणाधीन है।

औद्योगिक विकास का सबसे बड़ा संकेतक विदेशी निवेश, फैक्ट्रियों की संख्या और निर्यात होता है। इन तीनों क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है।

जून 2000 से मार्च 2017 तक प्रदेश में मात्र 3,303 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया था। जबकि अप्रैल 2017 से जून 2025 के बीच यह आंकड़ा बढ़कर 17,004 करोड़ रुपये तक पहुंच गया और इसमें लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। योगी सरकार के कुशल नेतृत्व में इसमें पांच गुना से अधिक वृद्धि हुई है।इसी तरह फैक्ट्रीज एक्ट 1948 के तहत पंजीकृत फैक्ट्रियों की संख्या सपा सरकार में 2016-17 में 14,169 थी, जो फरवरी 2026 तक बढ़कर 31,459 हो गई। यानी प्रदेश में औद्योगिक इकाइयों की संख्या दोगुने से अधिक हुई। निर्यात के क्षेत्र में भी बड़ा बदलाव देखने को मिला। 2016-17 में प्रदेश का कुल निर्यात 86 हजार करोड़ रुपये था, जो फिलहाल दो लाख करोड़ से आगे निकल चुका है। आईटी और आईटीईएस निर्यात में और भी अधिक वृद्धि हुई है। यह 2015 के 15 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में 82 हजार करोड़ का आंकड़ा पार कर चुका है। इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात भी 7 वर्षों में लगभग 1,058 प्रतिशत बढ़ा है। यह 3,862 करोड़ (2017-18) से बढ़कर 44,744 करोड़ (2024-25) हो चुका है। योगी सरकार की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में एक एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत बनाना है। वर्तमान में प्रदेश के एमएसएमई क्षेत्र में 3.11 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त हो रहा है। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना ने स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है। योजना के तहत 20,396 उद्यमियों को 903.63 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी गई, जिससे सवा तीन लाख से अधिक रोजगार अवसर सृजित हुए। कारीगरों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए 8,435 लाभार्थियों को 80.48 करोड़ रुपये की सहायता दी गई। इसके साथ ही 24 जिलों में 30 कॉमन फैसिलिटी सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। साथ ही विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के माध्यम से सवा चार लाख से अधिक लोगों को प्रशिक्षण और आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। प्लेज योजना के तहत 12 औद्योगिक पार्कों (10 से 50 एकड़) के विकास पर भी काम चल रहा है।

पहले उत्तर प्रदेश को मुख्य रूप से कृषि प्रधान राज्य माना जाता था, लेकिन गुजरे 9 वर्षों में यूपी हाई-टेक उद्योगों का केंद्र बनकर उभरा है। रक्षा औद्योगिक गलियारे के 6 नोड झांसी, चित्रकूट, लखनऊ, अलीगढ़, आगरा और कानपुर विकसित किए जा रहे हैं। इस क्षेत्र में अब तक करीब दो सौ एमओयू पर हस्ताक्षर हो चुके हैं, जिनमें लगभग 35 हजार करोड़ रुपये के निवेश और लगभग 55 हजार से अधिक रोजगार सृजित होने की संभावना है।

यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट स्थापित की जा रही है। एचसीएल और फॉक्सकॉन का यह संयुक्त उपक्रम 3,700 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगा। प्रदेश में डेटा सेंटर उद्योग भी तेजी से विकसित हो रहा है। 30 हजार करोड़ रुपये के निवेश से आठ डेटा सेंटर पार्क स्थापित किए जा रहे हैं। वर्ष 2030 तक 5 गीगावाट क्षमता और 2047 तक 40 गीगावाट क्षमता विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है।

योगी सरकार ने निवेश आकर्षित करने के लिए वैश्विक स्तर पर भी सक्रिय प्रयास किए हैं। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम 2026 के दौरान एआई, डेटा सेंटर और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में 2.94 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हुए। सिंगापुर और जापान यात्राओं के दौरान 1.5 लाख करोड़ रुपये के एमओयू प्राप्त हुए और 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले, जिनसे लगभग 5 लाख रोजगार अवसर सृजित होने की संभावना है। यह दर्शाता है कि उत्तर प्रदेश अब वैश्विक निवेशकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन चुका है।

# सपा का सरकार के खिलाफ प्रदर्शन



कानपुर । समाजवादी पार्टी ने कानपुर देहात में महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, पेपर लीक और किसानों के मुद्दों पर सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। हजारों कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पहुंचकर नारेबाजी की और प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच हल्की नोकझोंक भी हुई।प्रदर्शन का नेतृत्व इटावा लोकसभा सांसद जितेंद्र दोहरे, पूर्व मंत्री शिवकुमार बेरिया और जिलाध्यक्ष अरुण यादव सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने किया। हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता जिला मुख्यालय पहुंचे और सरकार विरोधी नारे लगाए।उन्होंने राज्यपाल और राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा।सपा नेताओं ने बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार, पेपर लीक, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर विरोध प्रदर्शन किया और अपनी विभिन्न मांगों को सामने रखा।

इटावा सांसद जितेंद्र दोहरे ने कहा कि प्रदेश और देश का युवा बेरोजगारी से जूझ रहा है, किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है और जनता सरकार की नीतियों से त्रस्त है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में जनता इसका जवाब देगी। सपा जिलाध्यक्ष अरुण यादव ने पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी नीतियों का असर कर्मचारियों पर भी पड़ रहा है। उन्होंने पुलिसकर्मियों से लोकतांत्रिक आंदोलनों के प्रति संवेदनशील रहने की अपील की। इस दौरान कुछ जगहों पर पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच हल्की बहस और धक्का-मुक्की भी हुई, जिसे जल्द ही शांत कर लिया गया। प्रशासन ने इस प्रदर्शन को लेकर सख्त रुख अपनाया है। एडीएम प्रशासन ने बताया कि प्रदर्शन के लिए कोई पूर्व अनुमति नहीं ली गई थी।

उन्होंने कहा कि आयोजकों को नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। समाजवादी पार्टी ने जनसमस्याओं को लेकर अपने आंदोलन को तेज करने का ऐलान किया है। वहीं, प्रशासन पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट तैयार कर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटा है।

# राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पहुंचे केंद्रीय मंत्री, किया वृक्षारोपण



लखनऊ। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पहुंचकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद उन्होंने वृक्षारोपण किया तथा भारत माता की प्रतिमा परिसर में स्वच्छता अभियान में सहभागिता करते हुए माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ. नीरज सिंह, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी एवं उत्तर विधायक डॉ. नीरज बोरा, प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी, ने राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल की पिक्चर गैलरी का अवलोकन कराया। मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि लखनऊ महानगर महामंत्री घनश्याम दास अग्रवाल, सत्येंद्र सिंह, अभिषेक खरे मंडल अध्यक्ष दया पांडे सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया।

# माकड्रिल के दौरान पानी में डूब रहे व्यक्ति को एसडीआरएफ व मेडिकल टीम ने बाहर निकालकर बचाई जान



गोण्डा । बृहस्पतिवार को शासन के निर्देशानुसार जनपद के तीन तहसीलों में बाढ़ पूर्व तैयारी के संबंध में मॉकड्रिल एक्सरसाइज-2026 का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील तरबगंज के अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ऐलीपरसौली के मजरा गोडियन पुरवा में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में बाढ़ पूर्व तैयारियों को लेकर मॉकड्रिल/ एक्सरसाइज-2026 का आयोजन किया गया। इस मॉकड्रिल एक्सरसाइज-2026 का उद्देश्य बाढ़ से पूर्व संभावित आपात स्थिति में प्रशासन, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य, राजस्व, पुलिस, एवं अन्य विभागों की तत्परता की जानकारी ली गई। मॉकड्रिल के दौरान जिलाधिकारी ने खुद मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने नावों, जीवन रक्षक उपकरणों, मेडिकल टीम, पशु चिकित्सा दल, एवं राशन वितरण, पशु चारा, दवा छिड़काव आदि व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही, उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ के दौरान किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक संसाधन पहले से उपलब्ध रखें और राहत शिविरों की तैयारी पूर्ण रूप से सुनिश्चित की जाए।

मॉकड्रिल /एक्सरसाइज-2026 कार्यक्रम के दौरान स्थानीय गांव का एक व्यक्ति किसी कार्य से नदी के किनारे गया था जो पानी में डूबने लगा, मौके पर उपस्थित एसडीआरएफ की टीम ने तुरंत डूब रहे व्यक्ति को बाहर निकाला और समय से उसको मेडिकल उपचार के लिए एम्बुलेंस के माध्यम से हास्पिटल भेज दिया, और वहां पर सही और समय से इलाज होने के कारण व्यक्ति को बचा लिया गया।

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि बाढ़ के समय लोगों को समय से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना, उन्हें भोजन, चिकित्सा और आवास की सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

इस मॉक ड्रिल में एनडीआरएफ, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, जल विभाग एवं स्थानीय प्रशासन एवं विभाग के अधिकारी व अन्य टीमों ने हिस्सा लिया। स्थानीय ग्रामीणों को भी मॉक ड्रिल के माध्यम से जागरूक किया गया कि आपदा के समय किस प्रकार सतर्कता बरतनी है और प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करना है। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों से बाढ़ की स्थिति में संभावित प्रभावित गांवों की सूची, राहत सामग्री की उपलब्धता, नावों की स्थिति, और संपर्क मार्गों की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक बाढ़ चौकी पर 24 घंटे निगरानी रखी जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई न होने पाये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संतलाल पटेल, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, उपजिलाधिकारी तरबगंज प्रदीप कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी तरबगंज, तहसीलदार तरबगंज, नायब तहसीलदार जयशंकर सिंह, एक्सईएएन बाढ़ खण्ड जय सिंह, पूर्ति विभाग, पशुपालन विभाग, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव, संबंधित थाना प्रभारी, बीडीओ, एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# किसान कल्याण एसोसिएशन का प्रदर्शन



सुलतानपुर। सुल्तानपुर में गुरुवार को किसान कल्याण एसोसिएशन ने तिकोनिया पार्क में प्रदर्शन किया। संगठन ने जिला प्रभारी विजय शंकर चौरसिया के नेतृत्व में जिलाधिकारी को संबोधित 10 सूत्रीय मांग पत्र अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस ज्ञापन में कानून व्यवस्था में सुधार, अवैध कब्जों को हटाने, आंगनवाड़ी केंद्रों की बदहाली दूर करने और किसानों को खाद-बीज व पानी उपलब्ध कराने जैसी प्रमुख मांगें शामिल हैं।

ज्ञापन में जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बरसोभा (नयेपुर) निवासी राजकुमारी पत्नी राजकुमार को धमकी देने वाले राम नयन तिवारी के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। इसके अलावा, चोरमा के अनुसूचित जाति के रामकुमार को मारपीट कर प्रताड़ित करने वाले दयाराम, महेश और सोखा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की भी मांग की गई है। चोरमा के अमर बहादुर सिंह को विपक्षी दयाराम, शोभनाथ और नकुल से जान-माल का खतरा बताते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग भी ज्ञापन में शामिल है। सार्वजनिक सेवाओं से संबंधित मांगों में जयसिंहपुर के लक्ष्मणपुर स्थित प्राथमिक पाठशाला परिसर में आंगनवाड़ी केंद्र की तत्काल साफ-सफाई करवाना शामिल है। ग्राम सभा डोमापारा निवासी सोमापती देवी (पत्नी स्व. मिरहू) की रुकी हुई वृद्धावस्था पेंशन को तुरंत बहाल करने की भी मांग की गई है। किसानों से जुड़ी मांगों में जयसिंहपुर तहसील के सभी विकास खंडों के कृषि विपणन केंद्रों पर उच्च गुणवत्ता वाले उन्नतशील बीज उपलब्ध कराना शामिल है। धान की नर्सरी और समय पर रोपाई सुनिश्चित करने के लिए सभी स्थानीय नहरों में तुरंत पानी छोड़ने की मांग की गई है। साथ ही, तहसील क्षेत्र के सभी उर्वरक केंद्रों पर डीएपी, यूरिया और पोटाश की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया है।कानूनी मामलों में, सत्र कुमारी बनाम नोहडू के धारा-133 CrPC के तहत जयसिंहपुर तहसील में लंबित मुकदमे का शीघ्र निस्तारण कराने की मांग की गई है। इसके अलावा, ग्राम चोरमा और बरौंसा में सार्वजनिक चकमार्ग पर दयाराम द्वारा पिछले 40 वर्षों से किए गए अवैध कब्जे को तत्काल बुलडोजर या प्रशासनिक टीम भेजकर खाली कराने की भी मांग की गई है।ज्ञापन सौंपने के बाद, जिला प्रभारी विजय शंकर चौरसिया ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने इन जनहित और किसान हित से जुड़ी समस्याओं पर जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो संगठन आगे की रणनीति तय करने के लिए बाध्य होगा।

# रीडगंज चौराहे पर सफाई के लिए बनेगा चेंबर, होगी नाला की मरम्मत

▸▸ महापौर बोले, एक सप्ताह में पूरा हो नाला सफाई कार्य, ढिलाही स्वीकार नहीं

▸▸ गली में अतिक्रमण एवं नाली का घटिया निर्माण देख नगर आयुक्त नाराज



**अयोध्या।** रीडगंज चौराहे पर सफाई के लिए चेंबर का निर्माण होगा और नाला की सफाई कराकर मरम्मत कराई जाएगी। यह निर्देश महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने नगर निगम की अधिकारियों को दी। वह नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार एवं अन्य अधिकारियों के साथ नाला सफाई कार्य का निरीक्षण कर रहे थे। चौक लाइट गेट से सुबह सवा सात बजे निरीक्षण अभियान की शुरुआत हुई। विकास प्राधिकरण के पुराने कार्यालय के सामने नाला की सफाई संतोषजनक नहीं पाई गई। महापौर के साथ चल रहे पूर्व उपसभापति राजेश गौड़ ने मंगल पांडे वार्ड के इस नाले को सफाई अभियान में न शामिल किए जाने पर आपत्ति जताई। महापौर रीडगंज चौराहे पर पहुंचे तो वहां नाला में पानी का बहाव बंद था। नाला भी क्षतिग्रस्त नजर आया। महापौर ने नाला की मरम्मत कराने और उस पर पत्थर रखवाने तथा चौराहे पर सफाई के लिए चौंबर बनाने का निर्देश दिया। यहां भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक द्विवेदी ने अशोक वृक्ष के पास चबूतरा बनाने का सुझाव रखा, जिस पर महापौर ने चबूतरा बनाने का भरोसा दिया। यहां से साकेत प्रिंटिंग प्रेस होते हुए महापौर राठहवेली की ओर बढ़े तो नगर आयुक्त ने रामपथ पर वाटर कियाक्स की जांच की। सही पाए जाने पर उन्होंने संतोष जताया। राठहवेली की गली में लोगों की मांग पर नीम के पेड़ की छंटाई कराने का निर्देश दिया। उन्होंने वीर अब्दुल हमीद वार्ड के नाले का निरीक्षण किया। कई जगह नाले पर अतिक्रमण पाए जाने पर उन्होंने मलवा हटाने, टूटी पटिया बदलने और नगर निगम की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों से नोटिस जारी कर जुर्माना वसूलने के निर्देश दिए। यहां चल रही गली का निर्माण कार्य अतिक्रमण के चलते बाधित मिला, जिस पर नगर आयुक्त ने भवन स्वामी को बुलाकर एक सप्ताह में अतिक्रमण हटाने की हिदायत दी। उन्होंने एक जगह पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने पर ठीक कराने का निर्देश दिया। यहां से नगर निगम का दल इमामबाड़ा गेट पहुंचा और निरीक्षण के बाद सामने की गली की ओर मुड़ गया। दुर्गा मंदिर से नदीम रजा के घर तक गली में नाली निर्माण का कार्य खराब पाए जाने पर नगर आयुक्त ने ठेकेदार को नोटिस देकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस दौरान पार्षद सलमान हैदर ने डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने की एजेंसी की शिकायत दर्ज कराई। यहां लोगों ने बताया कि कूड़ा लगातार जमा होने से दुर्गंध उठती है, जिससे आसपास के घरों में रहना मुश्किल हो गया है। पार्षद ने ठेका होने के बावजूद नाला निर्माण न होने की शिकायत दर्ज कराई। इस पर नगर आयुक्त ने जिम्मेदार अधिकारियों को फटकार लगाई और एक सप्ताह के भीतर काम शुरू करने का निर्देश दिया। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि मोहल्ला अलीगढ़ में नाला पर पटिया नदारद होने पर महापौर ने पटिया रखवाने का निर्देश दिया। निरीक्षण कार्य परिक्रमा मार्ग तक चला। यहां मंदिर के पास सोलर लाइट का फूल टूटा पाया गया, जिसे बदलवाने का निर्देश महापौर ने दिया। इस दौरान उनके साथ पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र मिश्र, अपर नगर डॉ. नागेंद्र नाथ, निर्माण खंड के सहायक अभियंता राजपति यादव व भरत सिंह वर्मा, भाजपा नेता सुबोध चतुर्वेदी आदि थे। पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र मिश्र ने महापौर का ध्यानाकर्षण नेहरू पार्क की ओर दिलाया और उसकी बदहाली पर चिंता जताई। महापौर ने विभागीय अधिकारियों को नेहरू पार्क की सफाई कराकर उसे साफ-सुथरा बनाने का निर्देश दिया। इस पार्क की गंदगी का मसला पूर्व में सांसद प्रतिनिधि हामिद जाफर मीशम भी उठा चुके हैं। राठहवेली में भाजपा नेत्री ज्योति कालरा ने गरीब परिवार की महिलाओं को आवास उपलब्ध कराने को लेकर महापौर का ध्यानाकर्षण कराया, जिस पर उन्होंने अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ को नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) के माध्यम से आवास उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया।

# तेज रफ्तार डंपर ने बस में मारी टक्कर, कंडक्टर की मौत, दो घायल

## बड़ी नहर के पास सवारियां बैठा रहा था प्राइवेट बस कंडक्टर

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** अयोध्या-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में प्राइवेट बस के कंडक्टर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। हादसा कुमारगंज थाना क्षेत्र के रमेशनगर बड़ी नहर के पास सुबह करीब सात बजे हुआ। जानकारी के अनुसार जगदीशपुर से अयोध्या जा रही एक प्राइवेट सवारी बस (यूपी 45 टी 5214) रमेशनगर बड़ी नहर के निकट रुकी हुई थी और उसमें सवारियां बैठाई जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार डंपर ने बस में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का शीशा साफ कर रहे कंडक्टर संतोष गुप्ता (42) पुत्र साहब शरण गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई। संतोष गुप्ता सुल्तानपुर जनपद के हलियापुर थाना क्षेत्र स्थित जराई कला गांव के निवासी थे और प्रतिदिन इस बस में कंडक्टर के रूप में कार्य करते थे। हादसे में बस में सवार 17 वर्षीय प्रज्ञा सिंह पुत्री रमेश सिंह निवासी ककरहवा, थाना हलियापुर भी घायल हो गईं। उन्हें उपचार के लिए सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। इसके अलावा धमथुआ मुगलन गांव निवासी महेश पासी (42) भी घायल हुए हैं, जो अन्यत्र अपना उपचार करा रहे हैं।

घटना की सूचना मिलते ही राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के कर्मचारी और कुमारगंज पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने संतोष गुप्ता को मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलने पर क्षेत्राधिकारी पीयूष पाल भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटवाया जा रहा है ताकि यातायात सामान्य रूप से संचालित हो सके। दुर्घटना के बाद डंपर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात डंपर की तलाश कर रही है। फिलहाल मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।



## बाइक की आमने-सामने टक्कर में दो की मौत

**बीकापुर-अयोध्या।** बुधवार की देर शाम बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के अमावा मोड़ के पास हुई आमने-सामने बाइक की टक्कर में घायल दूसरे युवक की इलाज के दौरान गुरुवार की सुबह मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की देर शाम बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के कोछा बाजार अमांवा मोड के समीप दो मोटरसाइकिल सवार की आमने सामने भीषण टक्कर हो गई। जिसमें दोनों मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थनीय लोगों के सहयोग से ऐम्बुलेंस द्वारा इलाज के लिए सीएचसी बीकापुर पहुंचाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोछा मजरे रूचि का पुरवा निवासी नंद कुमार प्रजापति पुत्र स्व जोखू प्रजापति (लगभग 45 वर्ष) को मृत घोषित कर दिया।घटना में गंभीर रूप से घायल दूसरे युवक मोतीगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के लक्ष्मणपुरग्रंट निवासी पवन कुमार यादव पुत्र स्व राम अवतार (लगभग 21वर्ष) का बीकापुर सीएचसी पर प्रथम इलाज के बाद जिला अस्पताल भेज दिया। जहां हालत गंभीर देख डाक्टरों ने इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया। परिजन अच्छे इलाज के लिए उसे लखनऊ के एक निजी अस्पताल ले गये। जहां पर इलाज के दौरान गुरुवार की भोर में उसकी मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों में हाहाकार मच गया। मृतक नन्द कुमार के दो लड़के राजेन्द्र लगभग 20 वर्ष एवं शैलेन्द्र लगभग 17 वर्ष और एक लड़की कौशिकी लगभग 23 वर्ष है। तीनों अभी अविवाहित हैं। वही दूसरे मृतक पवन कुमार यादव के एक दो वर्षीय पुत्र है।

## तालाब में डूबने से चार वर्षीय बालिका की मौत

**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र के देवराकोट गांव में बीती रात एक 4 वर्षीय बालिका की तालाब में डूबने से मौत हो गई। सुबह बालिका का शव तालाब में उतराता मिला।तब परिवार और गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, देवराकोट गांव में पंचायत भवन के पास एक घुमंतू परिवार रुका हुआ था। परिवार की 4 वर्षीय बालिका रात में किसी समय लापता हो गई। सुबह जब परिजनों ने उसे नहीं देखा तब आसपास खोजबीन शुरू की। इसी दौरान तालाब में बालिका का शव उतराता दिखाई दिया। शव देखते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गयी। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गयी ।घटना की सूचना मिलते ही रौनाही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी लाल चंद्र सरोज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जायेगी।

## ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे विधायक वेद प्रकाश गुप्ता

**अयोध्या।** क्षेत्रीय समस्याओं के त्वरित समाधान और ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से विधायक वेद प्रकाश गुप्ता जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ गांवों में रात्रि चौपाल आयोजित करेंगे। इस दौरान वह ग्रामीणों की शिकायतें सुनकर उनके निस्तारण की दिशा में आवश्यक निर्देश देंगे। साथ ही दोनों स्थानों पर रात्रि प्रवास कर ग्रामीणों के बीच समय भी बिताएंगे। कार्यक्रम के अनुसार 13 जून को विकास खंड पूरा बाजार की ग्राम सभा हैंसा तथा 15 जून को ग्राम सभा अकवारा में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। चौपाल में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे और ग्रामीणों की समस्याओं एवं शिकायतों का मौके पर समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

गुरुवार को विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह के साथ दोनों कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चौपाल स्थल पर बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम के आयोजन में किसी प्रकार की कमी न रहे और ग्रामीणों को अपनी बात रखने का पूरा अवसर मिले। विधायक ने कहा कि सरकार की मंशा है कि जनप्रतिनिधि और प्रशासन सीधे जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को समझें और उनका समाधान सुनिश्चित करें। रात्रि चौपाल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की समीक्षा भी की जाएगी तथा पात्र लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इससे प्रशासन और जनता के बीच संवाद एवं विश्वास और अधिक मजबूत होगा। मौके पर गन्ना चेयर मैन दीपेन्द्र सिंह, अरविंद सिंह, तिलकराम मौर्या, हरभजन गौड, मंडल अध्यक्ष कपिल देव वर्मा, वरूण चौधरी, देवता पटेल, शोभाराम वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रसव के दौरान महिला की मौत मामले में जांच शुरू

## गठित टीम ने दर्ज किया परिजनों और स्वास्थ्य कर्मियों के बयान

**सोहावल-अयोध्या।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सोहावल में प्रसव के बाद एक महिला की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने जांच शुरू कर दी है। मृतका के पिता द्वारा जिलाधिकारी से की गई शिकायत के बाद गठित जांच टीम वृहस्पतिवार को सीएचसी सोहावल पहुंची।यहां मामले से जुड़े सभी पक्षों का बयान दर्ज किया।मिली जानकारी के अनुसार मृतका के पिता अमन कुमार ने आरोप लगाया था कि उनकी पुत्री मुस्कान उम्र लगभग 23 वर्ष को 14 मई की शाम लगभग 9 बजे प्रसव के लिए सीएचसी सोहावल में भर्ती कराया गया था। उनका कहना है कि भर्ती के समय उनकी पुत्री की स्थिति पूरी तरह सामान्य थी। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ नर्स से कहा था कि यदि प्रसव में किसी प्रकार की जटिलता हो तो मरीज को समय रहते जिला अस्पताल रेफर कर दिया जाय।लेकिन उन्हें आश्वस्त किया गया कि प्रसव सामान्य तरीके से हो जाएगा और किसी प्रकार की चिंता की बात नहीं है।

परिजनों के अनुसार, 15 मई की सुबह प्रसव के दौरान महिला को अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। जिससे उसकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। आरोप है कि स्वास्थ्यकर्मियों ने जब महिला की हालत अत्यधिक खराब हो गई और वह अचेत होने लगी तब उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया।अमन कुमार का कहना है कि जिला अस्पताल पहुंचने पर वहां के चिकित्सकों ने बताया कि मरीज को काफी देर से लाया गया है। इसके बाद उसे बेहतर उपचार के लिए दर्शननगर स्थित ट्रामा सेंटर भेजा गया। इसके बाद किसी निजी चिकित्सालय में मरीज को दिखाने के बाद मेडिकल कालेज के लिये रवाना हुये।रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतका के पिता ने पूरे मामले के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।वृहस्पतिवार को जांच के लिए पहुंची टीम ने मृतका के परिजनों, उस समय ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक और स्टाफ नर्स का बयान दर्ज किया है। जांच टीम में डिप्टी सीएमओ अयोध्या अजय चौधरी,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी आकांक्षा वर्मा, डीसीपीएम अमित कुमार शामिल रहे। टीम ने अस्पताल के अभिलेखों और प्रसव से संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की।डिप्टी सीएमओ ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। सभी पक्षों के बयान और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर जांच रिपोर्ट तैयार कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भेजी जायेगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।इस मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। वहीं स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों और किसी संभावित लापरवाही है कि नहीं के संबंध में स्पष्ट स्थिति सामने आ सकेगी।

# सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष की बेटी पर आपत्तिजनक टिप्पणी से आक्रोश

## भड़के सपा कार्यकर्ताओं ने तहरीर देकर एफआईआर व कार्रवाई की किया मांग



**अयोध्या।** पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की बेटी के खिलाफ सोशल मीडिया टिप्पणी का मामला गरमा गया है। इस मामले में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं का आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

गुरूवार को समाजवादी पार्टी के निवर्तमान महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव के नेतृत्व में अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव शावेज जाफरी अधिवक्ता सभा महानगर अध्यक्ष लाल बहादुर शुक्ला ने पूर्व मुख्यमंत्री सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की बेटी के खिलाफ सोशल मीडिया में अभद्र एवं झूठी एवं अमर्यादित टिप्पणी को लेकर नगर कोतवाली में एफआईआर दर्ज करते हुए उचित कार्रवाई करने की मांग की,महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जब से प्रभु श्री राम के मंदिर में भक्तों द्वारा दान किए हुए पैसे का जो चोरी को उजागर किया उसी को छुपाने के लिए अपने आईटी सेल वालों से इतनी नीच हरकत की जा रही है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जी की पुत्री पर अभद्र अपमानजनक टिप्पणी करवा रहे हैं, राष्ट्रीय महासचिव शावेज जाफरी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पुत्री पर टिप्पणी माफी योग्य नहीं है ,आज नगर कोतवाल को तहरीर दे दी है एफआईआर दर्ज करने के लिए अगर जल्द एफआईआर दर्ज नहीं हुई तो अधिवक्ता सभा जल्द बड़ा निर्णय लेगी, महानगर अध्यक्ष लाल बहादुर शुक्ला ने कहा कि तहरीर तक ही नहीं आगे अगर न्यायालय का सहारा लेना पड़ेगा तो महानगर पीछे नहीं हटेगा। प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया इस मौके पर नि0 महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम, राष्ट्रीय महासचिव अधिवक्ता सभा शावेज जाफरी ,महानगर अध्यक्ष अधिवक्ता लाल बहादुर शुक्ला, महासचिव गोविंद यादव, जितेंद्र प्रजापति, दिलीप वर्मा, रिंकू साहू, अखिलेश, धर्मेंद्र यादव, अवशेष सिंह, शशांक यादव, महिला जिला अध्यक्ष सरोज यादव, अहमद ज़मीर सैफी, शहबाज लकी, अनस खान, मारूफ, इत्यादि लोग मौजूद थे।

# मंडलायुक्त ने मंडलीय कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

## अभिलेखों के रख-रखाव व जनहित से संबंधित कार्यों की किया समीक्षा



**अयोध्या।** मंडलायुक्त राजेश कुमार ने गुरुवार को संभागीय खाद्य नियंत्रक, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं महिला कल्याण विभाग के मंडलीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर कार्यालयों की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव तथा जनहित से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने कार्यालयों में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, अभिलेखों के संधारण, साफ-सफाई तथा कार्यालयी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने लंबित प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि शासन की योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखें तथा शासन की मंशानुरूप कार्य करते हुए आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराएं। उन्होंने अभिलेखों को अद्यतन रखने, कार्यालयों में अनुशासन बनाए रखने तथा जन शिकायतों के निस्तारण में विशेष संवेदनशीलता बरतने पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान संभागीय खाद्य नियंत्रक कृष्ण, उपनिदेशक महिला कल्याण विभाग सर्वेश पांडे,उपनिदेशक पिछड़ा वर्ग विभाग तपस्वी लाल सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## बीज व भूमि शोधन करके ही खरीफ फसलों की बुवाई करें किसान : सौरभ वर्मा

**अयोध्या।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी सौरभ वर्मा ने बताया कि जो किसान खरीफ में अपने घर का बीज बुआई के लिए प्रयोग कर रहे है उसको बीज शोधन करके ही बोये। बीज शोधन करने से बीज जनित बीमारियों का नियंत्रण आसानी से हो जाता है। बीज शोधन करने से बीज के ऊपर चिपका हुआ रसायन बीज पर आक्रमण करने वाले फफूंदियों को नष्ट कर देता है। धान में बीज शोधन के लिए 2.5 ग्राम थीरम 75 प्रतिशत अथवा 2 ग्राम कार्बेन्डाजिम 50 प्रतिशत अथवा 2 ग्राम थीरम 75 प्रतिशत प्लस एक ग्राम कार्बेन्डाजिम 50 प्रतिशत प्रति किग्रा0 बीज में बुवाई से पूर्व मिलाना चाहिए। भूमि शोधन के लिए 2.5 किग्रा0 ट्राइकोडरमा को 50 किग्रा0 सड़ी गोबर की खाद में मिलाकर एक सप्ताह छायें में रखकर आखिरी जुताई के समय मिलाना चाहिए। भूमि शोधन करने से भूमि जनित बीमारियों का नियन्त्रण हो जाता है। दीमक वाले क्षेत्रों में 2.5 किग्रा0 ब्यूवेरिया वैसियाना 1 प्रतिशत डब्लूपी, 50 किग्रा0 गोबर की खाद में मिलाकर रखने के बाद खेत में प्रयोग करें जिससे दीमक नियंत्रण हो जायेगा। बीज शोधक रसायनों पर 75 प्रतिशत अनुदान जनपद के प्रत्येक विकासखण्डों में स्थित कृषि रक्षा इकाईयों पर उपलब्ध है। इससे संबंधित और अधिक जानकारी संबंधित कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग चौड़ीकरण में मकानों पर चला बुलडोजर



**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या के ककराही बाजार में 14 कोसी परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण अभियान के तहत प्रशासन ने बुधवार को मकानों पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। इस दौरान 1940 के बना शिव मंदिर भी ध्वस्त किया गया, जो परिक्रमा पथ की जद में आ रहा था। कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। ध्वस्तीकरण अभियान एडीएम (वित्त एवं राजस्व) अमित कुमार भट्ट कि 14 कोसी मार्ग निर्माण के लिए जिन मकानों पर कार्रवाई की गई, उनके स्वामियों को पहले ही मुआवजा दिया जा चुका है। इसके अलावा संबंधित लोगों को कई बार नोटिस जारी कर निर्माण हटाने के लिए भी कहा गया था। निर्धारित समय सीमा पूरी होने के बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान समाजवादी पार्टी के नेता अरुण निषाद ने मौके पर पहुंचकर विरोध दर्ज कराया। उन्होंने प्रभावित लोगों के पक्ष में अपनी आपत्ति जताई और प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल उठाए। ध्वस्तीकरण अभियान एडीएम (वित्त एवं राजस्व) अमित कुमार भट्ट, सदर एसडीएम अरविंद कुमार और क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि स्थानीय लोगों के विरोध के चलते पुलिस बल की तैनाती की गई थी। मौके पर महिला थाना पुलिस, पीएसी और स्थानीय पुलिस बल की तैनाती रही, जिससे पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकी।

# हैरिंगटनगंज के युवाओं की खेल में निखरेगी प्रतिभा

▸▸ 8.54 करोड़ की लागत से रेवना में खेल सुविधाओं का हुआ विस्तार

▸▸ मल्टीपरपज हॉल, ओपन जिम और रनिंग ट्रैक से खिलाड़ियों को मिलेगी नई पहचान

▸▸ ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा मंच,उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड ने कराया निर्माण कार्य



**अयोध्या।** जिले के मिल्कीपुर तहसील अंतर्गत हैरिंगटनगंज विकास खंड के रेवना गांव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी पहल से एक आधुनिक ग्रामीण स्टेडियम का निर्माण पूरा हो गया है। इस स्टेडियम के पूरा होने से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं का खेल का सपना साकार होगा। 8.54 करोड़ की लागत से विकसित हुए इस अत्याधुनिक ग्रामीण स्टेडियम परिसर में मल्टीपरपज हॉल, बाउंड्रीवाल, बोरिंग, गार्ड रूम, पंप हाउस, सीसी रोड, ओपन जिम और रनिंग ट्रैक जैसी आधुनिक खेल सुविधाएं विकसित की है। उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा संचालित इस परियोजना का कार्य 2 दिसंबर 2024 को शुरू हुआ था। यहां मल्टीपरपज हॉल, बाउंड्रीवाल, बोरिंग, गार्ड रूम व पंप हाउस तैयार हो चुका है। सीसी रोड, ओपन जिम एवं रनिंग ट्रैक का कार्य भी हो चुका है। ग्रामीण परिवेश में अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से युक्त यह स्टेडियम स्थानीय युवाओं को खेल के क्षेत्र में नई पहचान दिलाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर दिया जा रहा है। रेवना ग्रामीण स्टेडियम इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यहां स्थानीय प्रतिभाओं को प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा का बेहतर मंच मिलेगा, जिससे वे जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता दिखा सकेंगे। ग्राम पंचायत रेवना के निवासियों में इस परियोजना को लेकर भारी उत्साह है। युवा पीढ़ी अब खेल के माध्यम से स्वस्थ और अनुशासित जीवन जीने की ओर अग्रसर हो सकेगी। स्टेडियम से न केवल स्थानीय युवा बल्कि आसपास के गांवों के खिलाड़ी भी लाभान्वित होंगे। उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड के सहायक अभियंता संजय सिंह ने बताया कि यह परियोजना ग्रामीण विकास और युवा सशक्तिकरण की दिशा में एक मिसाल साबित होगी।

मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप अयोध्या को खेल सुविधाओं से समृद्ध बनाने की दिशा में यह एक बड़ा उपलब्धि होगा। निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। अब सिर्फ हैंडओवर की तैयारी चल रही है।

## जयंती पर अमर बलिदानी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल को किया गया याद

**अयोध्या।** काकोरी ट्रेन एक्शन के महानायक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, क्रांतिकारी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की 129वीं जयंती पर अधिवक्ताओं, राजनीतिक दलों एवं पत्रकारों ने कचहरी स्थित शहीद उद्यान परिसर में स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन कर उन्हें याद किया। वहीं पर स्थापित ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खान और राजेंद्र लहरी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया। अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत अयोध्या के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल का जन्म 11 जून 1897 को उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में हुआ था उन्होंने देश की आजादी के लिए हिंदुस्तान पब्लिक संगठन की स्थापना में मुख्य भूमिका निभाई बिस्मिल ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ जंग छेड़ने के लिए 9 अगस्त 1925 को प्रसिद्ध काकोरी ट्रेन डकैती को अंजाम दिया था भाजपा नेता दिनेश जायसवाल ने कहा कि ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला देने वाले एक बेहतरीन लेखक जिन्होंने सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है जैसी अमर पंक्तियों को जन-जन तक पहुंचाया कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रताप सिंह ने नमन करते कहां की राम प्रसाद बिस्मिल जैसे क्रांतिकारी आत्मसात कर उनसे प्रेरणा लेते रहना चाहिए कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश वैद ,वरिष्ठ पत्रकार एवं अधिवक्ता कृष्णकांत गुप्ता, शासकीय अधिवक्ता श्रीधर मिश्र, हरजीत सलूजा, वरिष्ठ अधिवक्ता अजय वर्मा, जगन्नाथ पांडे, अधिवक्ता चंद्र मौली सिंह ,अधिवक्ता आरपी पांडे , प्रदीप शुक्ला, कुंवर अजय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम इंटरमीडिएट के अंकपत्र में मोहम्मद इरफानुल हक (MOHAMMAD IRFANUL HAQ) है जबकि आधार कार्ड व डीएल में मेरा नाम मो.इरफानुल हक (MO.IRAFANUL HAK) लिखा है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं और दोनों नाम मेरे ही हैं। मेरा इंटरमीडिएट की अंक तालिका के अनुसार आधार कार्ड व डीएल में मेरा नाम मोहम्मद इरफानुल हक (MOHAMMAD IRFANUL HAQ) समझा जाय।

**सूचनाकर्ता- मोहम्मद इरफानुल हक पुत्र स्व. मोहम्मद सिराजुल हक निवासी-168ए, हसनू कटरा, थाना-कैण्ट, तहसील-सदर, जनपद-अयोध्या**